दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



क्रिएटिव एनोवेटिव ये लिटिल साइंटिस्ट....

होली की हुड़दंग.....

वर्ष : 12 | अंक : 67 | लखनऊ, 28 फरवरी, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## ‘विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त’ पर बोले पीएम मोदी

# बजट कोई शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग डॉक्यूमेंट नहीं यह विकसित भारत का दीर्घकालिक रोडमैप

### बजट का मूल्यांकन उन नीतियों से होना चाहिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ‘विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त’ विषय पर बजट के बाद आयोजित वेबिनार में कहा कि राष्ट्रीय बजट कोई शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग डॉक्यूमेंट नहीं, बल्कि दीर्घकालिक पॉलिसी रोडमैप होता है। उन्होंने कहा कि बजट का मूल्यांकन उन नीतियों से होना चाहिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें, क्रेडिट फ्लो आसान बनाएं, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ाएं, गवर्नेंस में पारदर्शिता लाएं और नागरिकों का जीवन सरल बनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि हर बजट राष्ट्र निर्माण की सतत प्रक्रिया का एक चरण है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य इसी क्रम में आगे बढ़ रहा है।

बजट के बाद होने वाले वेबिनार केवल विचार-विमर्श तक सीमित न रहें, बल्कि व्यावहारिक अनुभवों पर आधारित प्रभावी ब्रेनस्टॉर्मिंग का मंच बनें। उन्होंने उद्योग, शिक्षाविदों, विश्लेषकों और नीति-निर्माताओं की संयुक्त भागीदारी को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और सटीक परिणामों के लिए आवश्यक बताया।

**वेबिनार को प्रभावी बनाने पर जोर**

नागरिकों का जीवन सरल बनाएगा



बजट वेबिनार को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### सुधारों से बनी आर्थिक मजबूती

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का एक चौथाई बीतने के साथ भारत तेज आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण चरण में है। पिछले एक दशक में देश ने असाधारण लचीलापन दिखाया है, जो संयोग नहीं बल्कि दृढ़ नीतिगत सुधारों का परिणाम है। प्रक्रियाओं के सरलीकरण, टेक्नोलॉजी-आधारित गवर्नेंस और मजबूत संस्थागत ढांचे ने अर्थव्यवस्था को नई गति दी है।

**दीर्घकालिक उत्पादकता बढ़ी**

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर विशेष फोकस रखा गया है। हाईवे, रेलवे, पोर्ट, डिजिटल नेटवर्क और पावर सिस्टम जैसे ठोस परिसंपत्तियों से दीर्घकालिक उत्पादकता पैदा होगी। 11 साल पहले सार्वजनिक पूंजीगत व्यय लगभग 2 लाख करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।

### निजी क्षेत्र और वित्तीय संस्थानों की भूमिका अहम

प्रधानमंत्री ने उद्योग और वित्तीय संस्थानों से इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, फाइनेंसिंग मॉडल में नवाचार और उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया और मूल्यांकन पर जोर दिया।

### विदेशी निवेश और बॉन्ड मार्केट सुधार

पीएम मोदी ने कहा कि विदेशी निवेश ढांचे को अधिक सरल और निवेशक-अनुकूल बनाया जा रहा है। लॉन्ग-टर्म फाइनेंस को मजबूत करने के लिए बॉन्ड मार्केट को सक्रिय बनाने और लेनदेन प्रक्रिया को आसान करने के कदम उठाए जा रहे हैं।

### रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर का सुझाव

उन्होंने कहा कि किसी भी नीति की सफलता उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों के साझा संकल्प के रूप में रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर विकसित करने पर उन्होंने कहा यह विकसित भारत की यात्रा का महत्वपूर्ण दस्तावेज बनेगा।

**आज जाएंगे गुजरात**

### माइक्रोन की सेमीकंडक्टर फैसिलिटी का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की नई सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्ट और पैकेजिंग फैसिलिटी का उद्घाटन करेंगे।

**प्रधानमंत्री का आज राजस्थान दौरा**

### कई विकास परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को राजस्थान के अजमेर का दौरा करेंगे। वे 16,680 करोड़ रुपए से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जनसभा को संबोधित करेंगे।

**महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान**

प्रधानमंत्री 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे।

**प्रमुख हाईवे परियोजनाओं का उद्घाटन**

प्रधानमंत्री कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें बांदीकुई-जयपुर 4 लेन है।


**खबर संक्षेप**

### जेएनयू में बवाल, प्रोफेसर का आमरण अनशन



नई दिल्ली। जेएनयू में बवाल के बाद छात्र संघ और शिक्षक संघ के खिलाफ अब फैकल्टी सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। स्कूलों की तालाबंदी, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित करने, तोड़फोड़ और हंगामे के विरोध में जेएनयू ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र के प्रोफेसर क्रिस्टु दास ने परिसर के साबरमती टी पॉइंट पर आमरण अनशन बैठ गए हैं।

### कोलकाता में 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में शुक्रवार दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। धरती हिलने के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.3 थी। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के खुलना से लगभग 26 किमी दूर था। भूकंप से कजान-माल की क्षति की सूचना नहीं है।

### स्लीपर बस-ट्रेलर में टक्कर, 6 की मौत



बालोतरा (राजस्थान)। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरवड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे-25 पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।

**बंगाल एसआईआर पर सुनवाई**

## शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन कोई नहीं कर सकता



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। कोर्ट में बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे। राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते।

**वकील को लगाई**

### आपको लाइसेंस देकर गलती किसने की?

सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील ने कड़ी फटकार लगाई। आपको किसने लाइसेंस दिया। उन्होंने सीएए के संबंध में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के उस निर्देश को स्थगित कर दिया जिसमें वकील को 50,000 का हर्जाना देने का आदेश दिया।

**होली से पहले तारीख...**

### इलाहाबाद है भाई, भांग का नशा उतरने में हफ्ता लगेगा

सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरानसीजेआई की एक टिप्पणी चर्चा का विषय बन गई। मामला सुरेश देवी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट से जुड़ा था। सुनवाई की तारीख देने पर विचार किया जा रहा था। सीजेआई ने कहा कि होली ब्रेक के बाद लिस्ट करें। सीजेआई ने कहा कि इलाहाबाद है भाई एक हफ्ता तो लग जाएगा भांग का नशा उतरने में।

### नीतीश कटारा को दी 7 दिन की फरलो

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी विकास यादव की याचिका मंजूर की। विकास 2002 में व्यवसायी नीतीश कटारा की हत्या के लिए 25 साल की जेल की सजा काट रहा है। उसने जेल से होली पर परिवार के साथ समय बिताने के लिए रिहाई की मांग की थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि वह 23 साल की सजा पूरी कर ली है। इसलिए उसे 7 मार्च तक रिहाई की अनुमति दी गई है। वह अपने परिवार के साथ होली मना सकेगा।


# वृंदावन में बांके बिहारी जी को लगा रंग व गुलाल, होली पर चाट, जलेबी का भोग

**रंगभरी एकादशी पर वृंदावन में ठाकुर जी को रंग और गुलाल लगाया गया। मंदिर का आंगन अबीर-गुलाल से रंगा नजर आया। भक्तों ने सुबह-सुबह प्रसादी गुलाल बरसाया और ठाकुर जी के साथ होली की शुरुआत की।**

अमन लेखनी समाचार/मथुरा,

वृंदावन में होली का उत्साह इन दिनों चरम पर है। बांके बिहारी जी के मंदिर में रंगभरी एकादशी पर ठाकुर जी को रंग और गुलाल लगाया गया। मंदिर का आंगन अबीर-गुलाल से रंगा नजर आया। भक्तों ने सुबह-सुबह प्रसादी गुलाल बरसाया और ठाकुर जी के साथ होली की शुरुआत की।

फूलों की पंखुड़ियां, जलेबी और लड्डू लुटाए गए। यह सब कुछ ब्रज की होली की खास परंपरा का हिस्सा है। आइए जानते हैं वृंदावन में बांके बिहारी जी की होली का पूरा नजारा और होली पर ठाकुर जी को क्या-क्या भोग लगेगा।



### मंदिर का पूरा प्रांगण गुलाल से सराबोर, भक्तों ने लगाए जयकारे

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में रंगभरी एकादशी पर पुजारियों ने सुबह ठाकुर जी को रंग और अबीर लगाया। मंदिर का पूरा प्रांगण गुलाल से सराबोर हो गया। भक्तों ने प्रसादी गुलाल बरसाया और ठाकुर जी के जयकारे लगाए। फूलों की पंखुड़ियां और लड्डू-जलेबी लुटाई गई। भक्त अबीर से रंगे हुए ठाकुर जी के दर्शन कर खुशी से झूम उठे। गलियों में ढोल-नगाड़ों की थाप और 'राधे-राधे' के जयकारे गूंज रहे हैं। यह नजारा ब्रज की होली की भक्ति और उल्लास का जीता-जागता प्रमाण है।

### बांके बिहारी जी को लगने वाला विशेष भोग

होली के दौरान बांके बिहारी जी को विशेष भोग तैयार किया जाता है। आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी के अनुसार, ठाकुर जी को काबुली मेवा, कश्मीरी केसर, कन्नौजिया इत्र, कर्नाटकी चंदन और हाथरस से लाए प्राकृतिक अबीर-गुलाल का उपयोग किया जाता है। भोग में मुख्य रूप से चाट, जलेबी और पकवान शामिल होते हैं। चाट में दहीबड़ा, दही पकौड़ी, सोंठ बड़ा, सोंठ पकौड़ी, आटा-सूजी की टिकिया, पानी पूरी, समोसा, पकोड़े, गुजिया, पापड़ी, खाजा, ठोर और लठोर प्रमुख हैं। इसके अलावा काजू, बादाम, पिस्ता, अखरोट, पोस्त, खरबूजा के बीज, किसमिस, मुनक्का, गुलकंद और दूध-मलाई युक्त ठंडाई भी ठाकुर जी को अर्पित की जाती है।

### होली पर ठाकुर जी को लगने वाले व्यंजन और मिठाइयां

होली के भोग में ठाकुर जी को मैदा और आलू से बनी स्वादिष्ट जलेबियां, गुजिया और मलपुआ विशेष रूप से चढ़ाए जाएंगे। ये व्यंजन बज की परंपरा के अनुसार तैयार किए जाते हैं। ठाकुर जी को मिठाई के साथ ठंडाई भी अर्पित की जाती है। यह भोग प्रेम और भक्ति का प्रतीक है।

### फाल्गुन पूर्णिमा तक चलता है यह उत्सव

बज की होली उत्सव के दौरान रंगभरी एकादशी पर बांके बिहारी जी को रंग लगाया जाता है। इस दिन ठाकुर जी को विशेष शृंगार और भोग भी अर्पित करते है। भक्तों का मानना है कि रंगभरी एकादशी से होली का रस शुरू होता है और यह उत्सव फाल्गुन पूर्णिमा तक चलता है।

**खबर संक्षेप**

### पार्टी सिंबल पर होंगे बिहार पंचायत चुनाव



पटना। बिहार में होने वाले पंचायत चुनाव को पार्टियों के सिंबल पर कराने की मांग की गई है। यह मुद्दा शुक्रवार को विधानसभा सत्र में उठा। भाजपा के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने सरकार से मांग की है कि पंचायत चुनाव दलीय आधार पर कराए जाएं। इस पर पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि अगर सभी लोग चाहें तो इस पर विचार किया जा सकता है।

### शाइन सिटी घोटाले का आरोपी राशिद गिरफ्तार



लखनऊ। शाइन सिटी घोटाले का मुख्य आरोपी दुबई में पकड़ा गया। राशिद नसीम और उसकी कंपनियों के खिलाफ पुलिस करीब 554 एफआईआर दर्ज कर चुकी है। आरोप है कि निवेश के नाम पर लोगों से 800 से 1000 करोड़ रुपए की ठगी की गई। लुभावने रिटर्न का वादा कर लोगों से पैसा वसूला गया था। ईडी-ईओडब्ल्यू के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर दुबई पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

**पूर्णिया में उच्चस्तरीय बैठक कर अमित शाह दिल्ली रवाना**

# सीमांचल में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बनी रणनीति

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीन दिवसीय बिहार दौरा शुक्रवार को खत्म हो गया। सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया में हाईलेवल बैठक करने के बाद शाह दोपहर बाद दिल्ली रवाना हो गए।

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार के पूर्णिया में उच्चस्तरीय बैठक की। बताया जा रहा है कि इस दौरान सीमांचल क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने की रणनीति बनाई गई। साथ ही, सीमावर्ती जिलों में आंतरिक सुरक्षा और घुसपैठ जैसे मुद्दों की भी समीक्षा की गई। बैठक के बाद शाह का तीन दिवसीय बिहार दौरा खत्म हो गया। गृह मंत्री शुक्रवार दोपहर बाद पूर्णिया से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

पूर्णिया में यह बैठक करीब ढाई घंटे तक चली। इसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी, राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार के अलावा गृह विभाग, एसएसबी, नारकोटिक्स, आईबी समेत अन्य कई विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी को तीन दिवसीय बिहार के सीमांचल दौरे पर पहुंचे थे। पहले दिन उन्होंने किशनगंज जिले में विभिन्न कार्यक्रम और बैठक में हिस्सा लिया। 26 फरवरी को शाह ने अररिया जिले में सशस्त्र सीमा बल की दो सीमा चौकियों का उद्घाटन किया और 175 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।




### सीमांचल में घुसपैठ पर बनी रणनीति

नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से सटे बिहार के सीमांचल में घुसपैठ पर भी अमित शाह के दौरे में अहम रणनीति बनाई गई। केंद्रीय गृह मंत्री ने गुरुवार को अररिया में ऐलान किया कि सीमांचल में घुसपैठ रोकने की योजना जल्द शुरू की जाएगी। सीमांचल क्षेत्र में पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले आते हैं। इसे भारत के लिए सुरक्षा की दृष्टि से अहम माने जाने वाले सिलीगुड़ी कॉरिडोर यानी चिकन नेक का प्रवेश द्वार कहा जाता है। किशनगंज जिले का कुछ हिस्सा भी चिकन नेक में आता है। वहीं, सीमांचल से बांग्लादेश की सीमा भी बहुत नजदीक है। ऐसे में यहां बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं द्वारा घुसपैठ के दावे लगातार किए जाते रहे हैं। सरकार का कहना है कि बीते कुछ सालों में हुए जनसांख्यिकी में बदलाव घुसपैठ की ओर इशारा करते हैं।

### 3 दिवसीय दौरे में अहम मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा

शाह के तीन दिवसीय दौरे में आंतरिक सुरक्षा, घुसपैठ और सीमा प्रबंधन जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई। केंद्रीय गृह मंत्री ने सीमावर्ती जिलों में घुसपैठ रोकने, डेमोग्राफिक बदलाव, अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा के कड़े निर्देश दिए।

### बॉर्डर के पास हटेंगे अतिक्रमण

गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में नेपाल सीमा से सटे इलाकों में अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि जरूरत पड़ने पर बुलडोजर ऐक्शन चलाया जाए। सीमा के 10 किलोमीटर अंदर तक किसी भी तरह का अतिक्रमण ना रहे।

**समीक्षा बैठक में डिप्टी सीएम के निर्देश**

## कोताही नहीं, इंफ्रास्ट्रक्चर, मूलभूत सुविधाओं को बनाएं और बेहतर



अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

यूपी के लोगों को गुणवत्तापरख स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिकित्सालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर किया जाए। मरीजों के तीमारदारों के लिए रैन बसेरा, चिकित्सा इकाईयों पर औषधियों एवं मानकानुसार उपकरणों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाइक ने मुरादाबाद, मेरठ और सहारनपुर मंडलों की समीक्षा बैठक के दौरान अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा चिकित्सालयों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों के तीमारदारों के लिए रैन बसेरा एवं, चिकित्सा इकाईयों पर औषधियों एवं मानकानुसार उपकरणों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

### सीटी स्कैन, डायलिसिस की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में हेल्थ एटीएम की व्यवस्था व क्रियाशीलता, चिकित्सालयों में फायर एक्सटिंग्विशर की व्यवस्था तथा फायर ऑडिट कराना भी सुनिश्चित किया जाए। जनपदों में सीटी स्कैन एवं डायलिसिस की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाए एवं उपलब्ध एम्बुलेंसों की क्रियाशीलता को लेकर भी अफसरों को दिशा-निर्देश जारी किए। डिप्टी सीएम ने कहा कि समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की लगातार देखरेख की जाए एवं अस्पतालों में समस्त स्टाफ का यूनीफार्म में होना अनिवार्य है। आरोग्य मेलों के लगातार आयोजन एवं अन्य विभिन्न चिकित्सकीय मुद्दों पर डिप्टी सीएम ने अधीनस्थों को निर्देशित किया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष, निदेशक, एनएचएम पिंकी जोएल, महानिदेशक, स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक समेत कई अफसर मौजूद रहे।

# औद्योगिक भविष्य को नयी दिशा देगा सिंगापुर-जापान दौरा

## सिंगापुर, टोक्यो और यामानाशी में उद्यमियों को दिया प्रदेश में निवेश का आमंत्रण

अमन लेखनी समाचार

- सीएम ने 60 से अधिक औपचारिक संवादों व कार्यक्रमों में लिया हिस्सा
- ग्रीन एनर्जी, लॉजिस्टिक्स से लेकर सेमीकंडक्टर तक सहयोग के नए रास्ते खुले



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी चार दिवसीय सिंगापुर व जापान की आधिकारिक यात्रा पूर्ण कर शुक्रवार सुबह लखनऊ लौट आए। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरे को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देने वाला बताया। चार दिनों तक निरंतर चले विदेशी दौरे में सीएम योगी का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहा। इस दौरान दोनों देशों में लगभग 60 से अधिक औपचारिक संवाद और कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान तीन बड़े निवेश रोड शो भी आयोजित किए गए, जिसमें एक सिंगापुर में, दूसरा टोक्यो में और तीसरा जापान के प्रमुख प्रांत यामानाशी में संपन्न हुआ। दोनों देशों में आयोजित इन कार्यक्रमों में कुल मिलाकर लगभग 450 से 500 निवेशक, उद्योगपति तथा वित्तीय संस्थानों के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हुए, जो उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर गंभीर और उत्साहित दिखे।

सीएम योगी की इस यात्रा के दौरान प्रदेश सरकार को 1.5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू तथा 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री की इन बैठकों में राज्य की औद्योगिक नीतियों, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, कानून-व्यवस्था और विशाल उपभोक्ता बाजार की विशेषताओं को विस्तार से प्रस्तुत किया गया।

दौरे के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों और निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी। इनमें ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, स्किल डेवलपमेंट और शहरी अवसंरचना प्रमुख रहे। मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी और संबंधित विभागों को इन निवेश प्रस्तावों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी का यह दौरा न केवल निवेश आकर्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान और आर्थिक संभावनाओं को भी नई मजबूती मिली है।

# यामानाशी संग ग्रीन हाइड्रोजन गठजोड़ से यूपी में पड़ी हरित ऊर्जा की नींव

## जापान की ग्रीन एनर्जी तकनीक का मिलेगा प्रदेश के उद्योगों को भारी लाभ | पावर टू गैस तकनीक और स्वच्छ ऊर्जा मॉडल से घटेगा कार्बन | ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा का आधार बनेगा : योगी आदित्यनाथ

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** ग्रीन एनर्जी में उत्तर प्रदेश को वैश्विक मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जापान यात्रा मील का पत्थर साबित होगी। यामानाशी प्रांत के साथ हुए एमओयू में ग्रीन हाइड्रोजन को सहयोग का केंद्रीय आधार बनाया गया है। इसमें उत्पादन, अत्याधुनिक तकनीकी साझेदारी, अनुसंधान, कौशल प्रशिक्षण और औद्योगिक उपयोग के व्यापक आयाम शामिल हैं।

ऊर्जा आत्मनिर्भरता, औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और नेट जीरो लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में यह एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम है, जो उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा क्रांति का नेतृत्वकर्ता बना सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में अतिरिक्त ऊर्जा विकास के लिए 2,104 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

यामानाशी को ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक के मामले में अग्रणी क्षेत्र माना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन ऊर्जा सुविधा केंद्र का दौरा कर पावर टू गैस प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। इस प्रणाली के अंतर्गत सौर और पवन ऊर्जा से उत्पादित बिजली को इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से हाइड्रोजन में परिवर्तित किया जाता है। यह हाइड्रोजन ऊर्जा भंडारण, ईंधन और स्वच्छ परिवहन में उपयोग की जाती है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। सीएम योगी ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में भी इस मॉडल को अपनाने की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग का सबसे महत्वपूर्ण पहलू शैक्षणिक और तकनीकी प्रशिक्षण है। समझौते के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी यामानाशी के संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वहां वे हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण, सुरक्षा मानकों और औद्योगिक उपयोग की उन्नत तकनीकों के बारे में जानेंगे। इन विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि लौटकर वे प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा परियोजनाओं में इस तकनीक को लागू कर सकें।

आईआईटी कानपुर में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया जा रहा है। यह केंद्र अनुसंधान, नवाचार और उद्योग साझेदारी का प्रमुख मंच बनेगा। यहां उत्पादन लागत कम करने, सुरक्षित भंडारण प्रणाली विकसित करने और ग्रीन मोबिलिटी समाधान पर शोध किया जाएगा। इसके माध्यम से योगी सरकार का उद्देश्य अकादमिक शोध को सीधे औद्योगिक उपयोग से जोड़ना है।

उत्तर प्रदेश के प्राकृतिक संसाधन इस पहल के लिए अनुकूल माने जा रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए स्वच्छ जल और अक्षय ऊर्जा आवश्यक है। प्रदेश में प्रचुर जल संसाधन और तेजी से बढ़ती सौर ऊर्जा क्षमता को देखते हुए बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन उत्पादन की संभावनाएं मौजूद हैं। सरकार अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को हाइड्रोजन उत्पादन से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्जा का आधार बनेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव नीति के अंतर्गत भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए अभी से तैयारी कर रहा है। जापान के साथ तकनीकी सहयोग से प्रदेश को वैश्विक मानकों वाली तकनीक और विशेषज्ञता प्राप्त होगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशिक्षण, अनुसंधान और औद्योगिक उपयोग की यह त्रिस्तरीय रणनीति उत्तर प्रदेश को देश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाला बनाएगा। यामानाशी के साथ यह साझेदारी केवल एक समझौता नहीं, बल्कि हरित और स्वच्छ ऊर्जा आधारित औद्योगिक भविष्य की ठोस नींव के रूप में देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश ने ग्रीन हाइड्रोजन की दिशा में ठोस कदम उठाने की शुरूआत पहले ही कर दी है। गोरखपुर जिले खानीपुर गांव में देखने को मिला जहां प्रदेश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर चुके हैं। यह परियोजना देश के सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में अब तक की सबसे बड़ी ग्रीन हाइड्रोजन और प्राकृतिक गैस मिश्रण की पहल है। इस संयंत्र के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन को सीएनजी और पीएनजी में मिलाकर घरेलू उपभोक्ताओं उद्योगों और परिवहन क्षेत्र तक पहुंचाया जा रहा है। अनुमान है कि इससे हर वर्ष लगभग 500 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। यह पहल बताती है कि उत्तर प्रदेश केवल भविष्य की योजनाओं की बात नहीं कर रहा बल्कि वर्तमान में भी ठोस परिणाम दे रहा है।

# राज्यपाल ने दिव्यांगजनों को वितरित किये व्हीलचेयर व अन्य आवश्यक उपकरण

अमन लेखनी समाचार

- राज्यपाल द्वारा विवेकाधीन कोष से सेवा कार्य के लिए समर्पित बस को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**लखनऊ/गाजीपुर।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को गाजीपुर के पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों, उनके परिजनों एवं महिलाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने संवाद स्थापित कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और दिव्यांगजनों को रिफ्रेशमेंट एवं व्हीलचेयर व अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए।

राज्यपाल ने बच्चों से उनकी शिक्षा, रुचियों, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दिव्यांगता किसी की प्रतिभा और क्षमता में बाधा नहीं बन सकती। दृढ़ संकल्प, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा तारे जमीन पर गीत पर भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसे राज्यपाल द्वारा सराहा गया।

इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा विवेकाधीन कोष से सेवा कार्य के लिए समर्पित बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार, युवा समाजसेवी सिद्धार्थ राय एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया मां पूर्णागिरी मेले का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



**चम्पावत (उत्तराखंड)।** हिमालय की गोद में अवस्थित पूर्णागिरि धाम में वार्षिक पूर्णागिरि मेले का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूजा-अर्चना और दर्शन के साथ किया। उन्होंने कहा कि यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और समग्र विकास का संगम है, जो देवभूमि की सांस्कृतिक चेतना को जीवंत करता है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्णागिरि धाम कुमाऊं क्षेत्र की आध्यात्मिक पहचान का केंद्र है, जहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यहां की शांत वादियां और पवित्र वातावरण श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस धाम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर वर्षभर सक्रिय रहने वाले प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। मेले की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए स्थायी ढांचागत विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। संपर्क मार्गों का चौड़ीकरण, पार्किंग स्थलों का विस्तार, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता सुविधाएं और यात्री विश्राम गृहों का निर्माण प्राथमिकता में शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मानसखंड मंदिर सर्किट के अंतर्गत कुमाऊँ के प्रमुख मंदिरों का समग्र विकास किया जा रहा है। इस योजना से मंदिर परिसरों का सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं का उन्नयन और बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने पूर्णागिरि धाम को आसपास के धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों से जोड़ते हुए एक विशेष पर्यटन सर्किट विकसित करने की घोषणा की। इस सर्किट में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे चम्पावत जिला श्रद्धा और रोमांच का साझा केंद्र बन सके। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने श्यामलाताल के सौंदर्यीकरण के लिए पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने की जानकारी भी दी। झील क्षेत्र को आकर्षक पर्यटन स्थल और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, जिससे पर्यटन की विविध संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र के व्यापक कायाकल्प के लिए छह महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए सौंदर्यीकरण, सड़क सुधार, भव्य प्रवेश द्वार निर्माण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएं।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री अजय टमटा सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कुत्ते के शौच को लेकर शुरू हुआ विवाद, मारपीट तक पहुंचा मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के तेलीबाग स्थित गांधीनगर में कुत्ते को टहलाने को लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। पीड़ित ने पड़ोसी परिवार पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गांधीनगर निवासी प्रदीप कुमार के अनुसार, 21 फरवरी 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपने कुत्ते को टहलाने निकले थे। आरोप है कि इसी दौरान वृंदावन योजना सेक्टर-बी स्थित एक मकान के सामने से गुजरते समय पड़ोसी युवक ने यह कहकर विवाद शुरू कर दिया कि वह रोज उनके दरवाजे के पास कुत्ते को शौच कराते हैं। बात बढ़ने पर कथित रूप से गाली-गलौज और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पीड़ित का आरोप है कि युवक के परिजनों ने भी मौके पर पहुंचकर विवाद को और बढ़ा दिया और मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग जुटे, जिसके बाद मामला शांत हुआ। पीड़ित का कहना है कि उसे सिर और चेहरे पर चोट आई है। घटना के बाद पीड़ित ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी और थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। उनका कहना है कि उन्होंने एफआईआर दर्ज करने और मेडिकल परीक्षण कराने का अनुरोध किया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# आठ गुना तक बढ़ा आजीविका मिशन का दायरा, 826 विकास खंडों तक पहुंचा मिशन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की तस्वीर तेजी से बदल रही है। पहले जहां स्वयं सहायता समूहों की योजनाएं सीमित विकास खंडों तक सिमटी थीं, वहीं अब यह मिशन राज्य के हर कोने में पहुंच चुका है। वर्ष 2013-14 से लेकर 2016-17 तक यह योजना केवल 104 विकास खंडों तक सीमित रही थी। लेकिन मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में अब इसे प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों तक विस्तार मिला है। यानी दायरा आठ गुना तक बढ़ चुका है।

योगी सरकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ रही है। इसके जरिए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। अब तक एक करोड़ छह लाख से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। कपड़ा, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, सौंदर्य उत्पाद और ऑर्गेनिक खेती जैसे उच्च मूल्य वाले उत्पादों का प्रशिक्षण पाकर महिलाएं अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई पहचान बन रही हैं। प्रदेश की महिलाएं अब रोजगार की आकांक्षी नहीं, बल्कि रोजगार सृजन की परिचायक बन चुकी हैं। योगी सरकार का लक्ष्य हर ग्राम पंचायत में ऐसी महिलाओं का उद्यमी नेटवर्क विकसित करना है, जो न केवल खुद कमाए, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण दे। महिला स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग सहायता, विपणन समर्थन और प्रशिक्षण सुविधाएं देने से ग्रामीण आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। विभिन्न जिलों से जुड़े महिला समूह अब ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिये अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहे हैं। यूपी में महिला उद्यमिता का यह विस्तार सरकार की विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश दृष्टि को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# अनुदान पर कृषि यंत्र पाने के लिए 4 मार्च तक एग्रीदर्शन पोर्टल पर करें आवेदन

अमन लेखनी समाचार

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने की किसानों से लाभ उठाने की अपील

**लखनऊ।** योगी सरकार ने होली के पर्व पर प्रदेश के किसानों को एक बड़ा उपहार दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के नेतृत्व में कृषि विभाग द्वारा 'सशक्त किसान, समृद्ध उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करते हुए विभिन्न कृषि योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्रों, कस्टम हायरिंग सेंटर और कृषि ड्रोन आदि पर अनुदान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन, फार्म मशीनरी बैंक एवं अन्य एकल कृषि यंत्रों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके साथ ही, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन के उपकरण और त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बैच ड्रायर एवं मेज शेलर के लिए भी बुकिंग की जा सकती है। इच्छुक किसान इन कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों के लिए विभागीय वेबसाइट एग्रीदर्शन डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर किसान कॉर्नर के अंतर्गत 'यंत्र बुकिंग प्रारंभ' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह बुकिंग प्रक्रिया 25 फरवरी की दोपहर 12:00 बजे से प्रारंभ होकर 04 मार्च की रात्रि 12:00 बजे तक जनपदवार की जाएगी। यंत्रों का विवरण, बुकिंग और अनुदान प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। लाभार्थियों का चयन और बुकिंग टोकन कंफर्म होने की तिथि से कृषि यंत्र क्रय कर, क्रय रसीद, यंत्र की फोटो एवं संबंधित अभिलेख अधिकतम 10 दिन अथवा उससे पूर्व विभागीय पोर्टल तथा यूपी यंत्र ट्रैकिंग डॉट इन पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

# क्वांटम कंप्यूटिंग क्षेत्र में यूपी को अग्रणी बनाने की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाने की दिशा में ठोस पहल के संकेत दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उभरते डीप टेक क्षेत्र में प्रदेश मजबूत दावेदारी प्रस्तुत करेगा। इस पहल में आईबीएम और आईआईटी कानपुर के साथ त्रिपक्षीय सहयोग मॉडल पर काम करने को लेकर बात आगे बढ़ने की संभावना बनती दिख रही है।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित आईबीएम एआई जीओवीटेक इनोवेशन सेंटर के उद्घाटन अवसर पर कहा था कि देश का पहला कंप्यूटर आईआईटी कानपुर में स्थापित हुआ था, जिससे उत्तर प्रदेश का तकनीकी इतिहास जुड़ा है। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश अब क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में नई शुरूआत करना चाहता है। उन्होंने संकेत दिया कि यदि आईबीएम, आईआईटी कानपुर और राज्य सरकार मिलकर कार्य करें तो क्वांटम टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय स्तर का केंद्र विकसित किया जा सकता है। राज्य सरकार ने पहले ही रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी और मेडटेक जैसे क्षेत्रों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की दिशा में बजट प्रावधान किए हैं। वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में कई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यरत हैं। इसी क्रम में क्वांटम कंप्यूटिंग को अगला रणनीतिक क्षेत्र माना जा रहा है। आईआईटी कानपुर परिसर में क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए आवश्यक अवसंरचना उपलब्ध कराने और उद्योग जगत के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि उत्तर प्रदेश में क्वांटम अनुसंधान और परीक्षण सुविधाएं विकसित होती हैं तो इससे उच्च स्तरीय शोध, स्टार्टअप इकोसिस्टम और वैश्विक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही तकनीकी क्षेत्र में युवाओं के लिए नए कौशल और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को डीपटेक और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाना है। क्वांटम कंप्यूटिंग की दिशा में उठाया गया यह कदम उसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। क्वांटम कंप्यूटिंग पारंपरिक कंप्यूटर से भिन्न तकनीक पर आधारित है। जहां सामान्य कंप्यूटर बिट पर आधारित होते हैं और प्रत्येक बिट का मान शून्य या एक होता है। इसके विपरीत क्वांटम कंप्यूटर क्यूबिट का उपयोग करते हैं, जो एक ही समय में शून्य और एक, दोनों अवस्थाओं में रह सकते हैं। इसे सुपरपोजिशन कहा जाता है। क्वांटम कंप्यूटिंग इकोसिस्टम से प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्नत अनुसंधान के केंद्र के रूप में स्थापित होगा। क्वांटम तकनीक में काम करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियां और टेक दिग्गज प्रदेश में निवेश करने को आकर्षित होंगे। डीप टेक आधारित स्टार्टअप, विशेषकर साइबर सुरक्षा, एआई, फिनटेक और हेल्थटेक क्षेत्र में तेजी से विकसित होंगे। क्वांटम शोध, इंजीनियरिंग, डाटा साइंस और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में उच्च वेतन वाले रोजगार के अवसर पैदा होंगे। आईआईटी कानपुर और अन्य तकनीकी संस्थानों को वैश्विक शोध सहयोग और प्रोजेक्ट मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी।

# एफएसडीए की बड़ी कार्रवाई, होली से पहले 7 कुंतल से अधिक खोया पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। होली त्योहार से पहले मिलावटी मिठाइयों की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने शुक्रवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए बंथरा क्षेत्र में भारी मात्रा में खोया, बर्फी और मिल्क केक बरामद किया। यह माल कानपुर से गोरखपुर ले जाया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, विभाग को गुरुवार रात सूचना मिली थी कि एक छोटा हाथी लोडर वाहन के जरिए होली में खपाने के लिए बड़ी मात्रा में खोया और मिठाइयां कानपुर रोड से गोरखपुर भेजी जा रही हैं। सूचना पर फूड इंस्पेक्टर आजाद कुमार, सत्यवीर सिंह, राजेंद्र और महिला फूड इंस्पेक्टर सुप्रिया की टीम ने बंथरा थाना क्षेत्र में प्रधान ढाबा के पास शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे वाहन को रुकवाकर जांच की। तलाशी के दौरान वाहन से 7 कुंतल से अधिक खोया तथा भारी मात्रा में बर्फी और मिल्क केक बरामद हुआ। टीम वाहन को बंथरा थाने ले गई, जहां सभी खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए सील किए गए। पूछताछ में चालक ने बताया कि माल कानपुर निवासी अमित द्वारा गोरखपुर भेजा जा रहा था। एफएसडीए टीम ने सैंपल लेने के बाद खोए को बंथरा-बिजनौर रोड स्थित कुरौनी गांव के पास जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर मिट्टी में दबवा दिया, जबकि बर्फी और मिल्क केक को सुरक्षित स्थान पर रखवाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि मिलावट पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 25 लाख रुपए कीमत के गहने चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में करीब तीन माह पहले एक पुलिस हेड कांस्टेबल के बंद मकान का ताला तोड़कर करीब 25 लाख रुपए कीमत के गहने चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गैंग के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के पास से काफी मात्रा में चोरी का सामान और नगदी बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली देहात थाना अंतर्गत सराय आना देव निवासी कृष्ण प्रताप सिंह सरोजनी नगर के अमौसी स्थित गंगानगर में मकान बनाकर परिवार सहित रहते हैं। कृष्ण प्रताप सिंह वर्तमान में पुलिस हेड कांस्टेबल के पद पर अयोध्या में तैनात हैं। पुलिस का कहना है कि कृष्ण प्रताप सिंह की पत्नी पूनम सिंह ने बीते 24 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 नवंबर की शाम करीब 5 बजे वह अपने परिवार सहित अपने मूल गांव गई थी। वहां से 24 नवंबर को वापस लौटने पर मकान का ताला टूटा होने के साथ ही अंदर कमरे व अलमारी के ताले टूटे मिले। साथ ही उसमें रखे करीब 25 लाख रुपए कीमत के गहने गायब मिले। पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगाया जा रहा था।तभी मुखबिर की सूचना पर मूल रूप से हरदोई जिले के संडीला थाना अंतर्गत बेगमगंज और वर्तमान में लखनऊ के सहादतगंज थाना अंतर्गत मोअज्जम नगर निवासी मासूम अली उर्फ इमरान उर्फ चांद बाबू, हरदोई के ही संडीला स्थित बेगमगंज निवासी कैलाश और बाजार खाला के दरियापुर एफसीआई रोड निवासी रईस उर्फ झिल्ले को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए चोरों के पास से करीब 45000 रुपए कीमत के चांदी के और 89 हजार रुपए कीमत के सोने के गहनों के अलावा ज्वेलरी बिक्री के 1460 रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि तीनों शातिर किस्म के अपराधी हैं। वह घूम फिर कर बंद घरों की रेकी करने के साथ मौका पाकर चोरी की घटना अंजाम देने के बाद फरार हो जाते हैं। पुलिस ने बताया कि इसमें से मासूम अली के ऊपर मड़ियांव, सहादतगंज, चौक, बाजार खाला, ठाकुरगंज, तालकटोरा, कृष्णा नगर, बिजनौर, सरोजनी नगर, गुडंबा, काकोरी, पारा और गाजीपुर आदि थानों में करीब तीन दर्जन मामले दर्ज हैं। जबकि रईस उर्फ झिल्ले के खिलाफ बाजार खाला और कैलाश के ऊपर संडीला थाने में मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर तीनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को उन्हें जेल भेज दिया है।

## सम्पादकीय

# बच्चों और युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति चिंता का विषय

बच्चों, किशोरों और युवाओं में लगातार बढ़ रही आक्रामकता और हिंसा की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। लखनऊ, हरियाणा, गाजियाबाद समेत कई शहरों में हिंसक मामले सामने आए हैं। गाजियाबाद में तीन लड़कियों ने कथित गेम की लत के कारण आत्महत्या कर ली थी। वहीं, हरियाणा में भी एक दोस्त ने अपने साथी फाइनल इयर के छात्र की हत्या कर शव को जोहड़ में फेंक दिया था। अब लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अक्षत ने अपनी बहन के सामने ही घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। आरोपी का कहना है कि उसके पापा उसे डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन उसे लखनऊ में होटल खोलना था। इसी से नाराज होकर उसने पिता की हत्या कर दी। बता दें कि समाज का भविष्य बच्चे और युवा ही होते हैं। यदि इन्हीं के मन में आक्रोश, हिंसा और संवेदनहीनता घर करने लगे, तो यह केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का संकट बन जाता है। बड़े शहरों में सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। ये घटनाएं अपवाद भर नहीं रहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति की ओर संकेत कर रही हैं। युवा मन ऊर्जा से भरा होता है। यदि इस ऊर्जा को सकारात्मक दिशा न मिले, तो वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले सकती है। आज के दौर में डिजिटल दुनिया बच्चों और किशोरों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। हिंसक वीडियो गेम, वेब सीरीज और सोशल मीडिया पर परोसी जा रही आक्रामक सामग्री धीरे-धीरे संवेदनशील मन पर प्रभाव डालती है। जब बच्चे बार-बार आभासी दुनिया में हिंसा को 'सामान्य' रूप में देखते हैं, तो उनके भीतर हिंसा के प्रति संवेदनशीलता कम होने लगती है। वे समस्या का समाधान संवाद के बजाय टकराव में खोजने लगते हैं। हालांकि हिंसा की जड़ केवल डिजिटल माध्यमों में तलाशना पर्याप्त नहीं होगा। पारिवारिक माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण कारक है। यदि घर में तनाव, कलह, नशे की प्रवृत्ति या कठोर अनुशासन का वातावरण हो, तो बच्चा असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करता है। माता-पिता की अत्यधिक अपेक्षाएं भी कई बार बच्चों के मन में दबाव और कुंठा पैदा करती हैं। करियर को लेकर थोपे गए निर्णय, तुलना की संस्कृति और असफलता का डर उन्हें भीतर से तोड़ देता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं, तो आक्रोश विस्फोटक रूप ले सकता है। स्कूल और सामाजिक परिवेश भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। हालांकि इसके समाधान की शुरुआत भी परिवार से ही होती है। बच्चों को अनुशासन सिखाना आवश्यक है, खुला संवाद सबसे प्रभावी उपाय है। माता-पिता यदि बच्चों की बात धैर्य से सुनें, उनके मित्र बनें और उनकी भावनाओं को स्वीकार करें, तो आधी समस्या वहीं समाप्त हो सकती है। मीडिया और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर संतुलित निगरानी भी जरूरी है। पूर्ण प्रतिबंध समाधान नहीं है, लेकिन समय और सामग्री पर नियंत्रण आवश्यक है। बच्चों को वैकल्पिक गतिविधियों- खेल, कला, संगीत, पठन की ओर प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनकी ऊर्जा रचनात्मक दिशा में प्रवाहित हो। स्कूलों में भी काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे मानसिक दबाव को समय रहते साझा कर सकें।



यूएनओ

अखिलेश आर्येन्दु

# भारत की स्थायी सदस्यता से किसे लाभ

**संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर भी रोक लग सकेगी।**

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। पिछले दिनों ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अपने पुराने पैटर्न पर कायम रहते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के तुरंत सुधार की बात कही। उन्होंने सुरक्षा परिषद् में भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति ने जी4 यानी भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान समूह की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जी4 समूह संघ और परिषद में सुधार की वकालत करता है और एक-दूसरे की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है।

ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि 20 से अधिक वर्षों से भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी ने जी4 नामक समूह बनाया है, जहां हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की वकालत करते हैं। ब्राजील प्रमुख का कहना था कि आज दुनिया-भर में जो हम देख रहे हैं, उनमें हस्तक्षेप करने के लिए यूएनओ के पास अधिक शक्ति और सामर्थ्य की जरूरत है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ को ज्यादा प्रतिनिधि वाला बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, जिसमें दुनिया के और अधिक देश शामिल किए जाएं और भारत व ब्राजील को यूएनओ में स्थायी सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में स्थान मिले। अस्थायी और स्थायी सदस्यता की श्रेणियों को बढ़ाने से वैश्विक शासन की वैधता और प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने दोनों देशों के व्यापार और मैत्री को बढ़ाने के लिए जिस तरह की ठोस पहल की है, उससे दोनों देशों के बीच स्थायी मैत्री विकसित हुई है। भारत के मित्र देशों में ब्राजील और भारत की मैत्री दशकों से है लेकिन पिछले एक दशक में ब्राजील और भारत के बीच जिस तरह की आपसी विश्वासनीयता बढ़ी है, उससे दोनों देश कई क्षेत्रों में निकट आए हैं, जिससे विकास और प्रगति का पहिया तेजी से आगे बढ़ा है। देशों के बीच विश्वासनीयता का आधार आपसी सहमति और निकटता को लगातार गति देना रहता है। भारत और ब्राजील ने ऐसा करके दिखा दिया है। दोनों देश अलग-अलग संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बावजूद सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आपसी सहमति और विश्वसनीयता बढ़ी है। यह इसलिए भी है कि दोनों देश बहुपक्षवाद और शांति के समर्थक हैं। इतना ही नहीं, समावेशी और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को भारत ने अपनी नीतियों के साथ आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दुहराई। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों देश स्थायी सदस्यता के हकदार हैं। दोनों एक लोकतांत्रिक देश हैं और बहुत तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। ब्राजील भारत के लिए यूएनओ में स्थायी सदस्यता का मुद्दा जोर-शोर से उठाता रहा है और ब्राजील के लिए भी ऐसा ही भारत करता और कहता आया है। इसके पहले ब्राजील 2005 में जी4 प्रस्ताव के



पहले और बाद में यूएनजीए के सत्रों में यह मुद्दा उठाया था। ब्राजील इस मुद्दे पर मानता आया है कि भारत एक प्रमुख शक्ति के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा है इसलिए भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होने का प्रबल दावेदार और हकदार है। ब्राजील को भारत की जरूरत है तो भारत को ब्राजील की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों स्थायी सदस्यता इसलिए चाहते हैं कि कई वैश्विक मुद्दों पर, खासकर आतंकवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, साइबर अपराध और तमाम जटिल वैश्विक समस्याओं से दोनों देश बराबर पीड़ित रहे हैं। दुनिया के तमाम देश कई विकट समस्याओं-खासकर आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से पीड़ित रहते हैं। इन दोनों देशों का यूएनओ का सदस्य बन जाने से कई जटिलताएं दूर हो सकती हैं। आज आतंकवाद सबसे जटिल वैश्विक मुद्दा है और पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा कारखाना है।

चीन पाकिस्तान का साथ देने के लिए अपने वीटो का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित होने से बचा लेता है। भारत और ब्राजील यदि स्थायी सदस्यता हासिल कर लेंगे तो चीन की मनमानी नहीं चलेगी। इतना ही नहीं, पाकिस्तान का साथ देने की चीन की मंशा पर रोक तभी लग सकती है जब भारत और ब्राजील को भी वीटो करने या वीटो को रद्द करने का पूरा अधिकार मिल जाए। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में जब लैटिन अमेरिकी देशों, कैरेबियन, एशिया और अफ्रीकी क्षेत्रों से विकासशील देशों को भी अधिक प्रतिनिधित्व होगा, तब अमेरिका की भी मनमानी करने से रोका जा सकेगा। भारत का इजराइल जितना ही विश्वसनीय देश ब्राजील भी है।

सुरक्षा परिषद का विस्तार होने पर इजराइल को भी यदि इसका स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप, लैटिन अमेरिका, अफ्रीकी देशों और अरब देशों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। भारत की स्थायी सदस्यता का मतलब दुनिया को आतंकवाद जैसी सबसे गम्भीर समस्या से निजात मिल सकेगी, क्योंकि उन देशों पर लगाम लगाने में सहुलियत होगी, जो आतंक और आतंकवादियों को संरक्षण और पोषण देने का कार्य करते हैं। तत्काल ब्राजील चाहता है कि भारत 2028-29 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया जाए। कुछ वर्षों से दुनिया में अशांति और कहीं-कहीं युद्ध के हालात बने हैं। इससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है। ऐसे में जरूरी है कि बहुपक्षवाद को मजबूती मिले और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और अन्य तंत्रों को तत्काल पुनर्जीवित किया जाए। भारत का अतीत बताता है कि इसने हमेशा दुनिया में शांति प्रयासों और आपसी मैत्रीपूर्ण नीति का समर्थन किया। यही कारण है कि भारत ने रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को शांतिपूर्ण नीतियों से हल करने या अमेरिकी दादागीरी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इससे दुनिया को यह संदेश गया कि भारत आज जिस स्थिति में है, उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता मिलनी ही चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि अमेरिकी दखल की वजह से विश्व मैत्री को बढ़ावा देने वाली इस संस्था की प्रासंगिकता धीरे-धीरे खत्म हो रही है। भारत की सदस्यता इसका सबसे बेहतर उपचार है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर उन देशों पर रोक लगेगी, जो भारत विरोधी देशों के समर्थन में देखे जाते थे।

तकनीक

आशुतोष कुमार सिंह



# टेक्नोलॉजी से पोषण तकः बदल रही राशन वितरण की व्यवस्था

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत लागू पोषण ट्रैकर आज दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित पोषण निगरानी प्रणालियों में शामिल है। यह आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पोषण ट्रैकर सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि ऐसा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने पहली बार महिलाओं और बच्चों से जुड़ी पोषण जानकारी को वास्तविक समय में दर्ज और समझना संभव बनाया है। आज यह 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ता है और छोटे बच्चों की लम्बाई, वजन, कुपोषण के संकेत, साथ ही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण स्थिति का रिकॉर्ड लगातार अपडेट करता है। कई राज्यों में यह किशोरियों की पहचान और उनके लिए दी जा रही सेवाओं को भी ट्रैक करता है। इससे 8 करोड़ से अधिक बच्चों, माताओं और किशोरियों का एक स्पष्ट पोषण प्रोफ़ाइल तैयार हो पाया है- खास तौर पर उन समूहों का, जिनमें कुपोषण की संभावना सबसे ज़्यादा हो सकती है। पोषण ट्रैकर ने आंगनवाड़ी सेवाओं की डिलीवरी को भी अधिक पारदर्शी बनाया है। पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी-भरकम रजिस्टरों में डेटा भरना पड़ता था, जिसे न समय पर देखा जा सकता था और न ही निर्णय-निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता था। अब वही जानकारी मोबाइल पर आसानी से दर्ज हो जाती है और तुरंत उपयोग के लिए उपलब्ध रहती है। इससे ब्लॉक, जिला, राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारी समझ पाते हैं कि किस क्षेत्र में कुपोषण अधिक है, कहां सेवाएं कमजोर हैं और किन स्थानों पर तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।




यह एक सतत सुधार वाली प्रणाली है, जिसने स्थानीय स्तर पर पोषण सेवाओं की पहचान और समय पर पहुंच के कई नए अवसर खोले हैं, क्योंकि टेक-होम राशन सीधे लाभार्थी तक पहुंचने वाली सेवा है, इसलिए इसे पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ई- केवाईसी और एफआरएस जैसी प्रक्रियाएं लाई गई हैं। इसका मूल उद्देश्य यही है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक टेक-होम राशन सही मात्रा में और समय पर पहुंचे, साथ ही व्यवस्था में मौजूद संभावित लीकेज, मनमानी और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों को कम किया जा सके। ई-केवाईसी वह प्रक्रिया है जिसमें आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से पहचान सत्यापित होती है। यह एक बार की प्रक्रिया है, हर महीने इसे दोहराने की कोई आवश्यकता नहीं। एक बार हुए ई-केवाईसी से लाभार्थी का आजीवन डिजिटल पहचान रिकॉर्ड बन जाता है, जिससे सेवाएं निर्बाध मिलती हैं। दूसरी ओर, एफआरएस यह दर्ज करता है कि "कब–कहां–किसे" राशन मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐप में लाभार्थी को चुनती हैं, लाइव फोटो लेती हैं, और सिस्टम उसे पहले से मौजूद तस्वीर से मिलाकर वितरण की पुष्टि करती है। यह प्रक्रिया ऑफ़लाइन मोड में भी चलती है, जिससे दूरदराज क्षेत्रों में भी वितरण की जांच आसानी से हो जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात किसी भी बच्चों की फोटो नहीं ली जाती; उनके अभिभावक की पहचान ही पर्याप्त मानी जाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि 31 दिसम्बर 2025 तक 4.73 करोड़ पात्र राशन लाभार्थियों में से 4.51 करोड़ का ई- केवाईसी और आधार आधारित चेहरा मिलान पूरा हो चुका है। यह लगभग 95.4% कवरेज है, जो स्पष्ट दिखाता है कि वास्तविक लाभार्थी न तो ई- केवाईसी से परेशान हैं और न ही एफआरएस से। कम नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए फैस मैचिंग को ऑफ़लाइन मोड में भी एक्टिवेट किया गया है। इस पहल को केवल तकनीकी सुधार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा वितरण में विश्वास बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। पोषण ट्रैकर की सफलता ऐप या एल्गोरिद्म की नहीं, बल्कि विश्वास की कहानी है- एक ऐसी प्रणाली जहां लाभार्थी बिना भटकाव के अपना हक़ पाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का काम सरल हो और सरकार का हर संसाधन पारदर्शी रूप से सही व्यक्ति तक पहुंचे।

## सब प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित

दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है- रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

## नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित

प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हो, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अमेरिकी टैरिफ पर सियासत नहीं रणनीति की जरूरत


अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी देशों पर पंद्रह प्रतिशत समान टैरिफ लगाने की घोषणा ने वैश्विक व्यापार जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले दस प्रतिशत की बात हुई फिर चौबीस घंटे के भीतर पंद्रह प्रतिशत का ऐलान कर दिया गया। इस बदलाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अपनी घरेलू आर्थिक और राजनीतिक जरूरतों के अनुसार व्यापार नीति को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे समय में भारत को भवनात्मक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय राजनीति में इस मुद्दे को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इसे देश के साथ धोखा बताया और सरकार पर अमेरिकी दबाव में झुकने का आरोप लगाया।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### ब्रह्मांड के विशाल तारे में विस्फोट होने की आशंका

ब्रह्मांड के सबसे बड़े ज्ञात तारों में से एक डब्ल्यूओएच जी64 में वर्ष 2014 में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया और नए शोध के अनुसार इसमें विस्फोट होने की आशंका है। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के गोंजालो मुन्योस- सांचेज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि यह तारा अपनी लाल विशाल अवस्था से दुर्लभ पीली अतिविशाल अवस्था में प्रवेश कर चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बदलाव तारे के जीवन के अंतिम चरण का संकेत हो सकता है। अति-विशाल अवस्था में पहुंचने के बाद तारे का जीवन आमतौर पर महाविस्फोट के साथ समाप्त होता है। यह अध्ययन 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुआ है।



## ऑफ बीट

### आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित

कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका फफ़र कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है।



## ट्रेंड

### दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि



रांची से दिल्ली की ओर जा रहा एक एयर एंबुलेंस चतरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक समाचार मिला है। विमान में सवार सभी सात लोगों के निधन की पुष्टि हुई है। इस असामयिक दुर्घटना मे दिवंगत सभी आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अमेरिकी डील रद्द करें



मोदी जी, खुली चुनौती है - भारत-अमेरिका व्यापार सौदा रद्द करें। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के फैसले को रद्द कर दिया, सभी देशों ने अपने फैसले पर फिर से बातचीत की,आप क्यों शामिल है? सारा देश जानता है कि आप ये नही कर सकते - क्योंकि आप अमेरिकी पकड़ मे सरेंडर कर चुके है।

- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

### जन-आकांक्षाओं का बजट



झारखंड की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लाया गया यह अबुआ दिशोम बजट 2026-27 है। वर्ष 2050 तक युवा झारखंड का समृद्ध बनने का सफर सुगम एवं तीव्रता से भरा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए है।

- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड

### निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण



बीजेपी और आरएसएस की मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनाओं की व्याख्या मे करुणा की बजाय नफरत झलकती है। एक जरूरतमंद महिला को कंबल देने से वंचित करना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री

संक्षेप

## दो बाइक की टक्कर, दो की मौत

### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी

अमेठी, तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के जैनबगंज बाजार में दोपहर करीब 1:30 बजे हुआ। गंभीर रूप से घायल दोनों बाइक चालकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, आज दोपहर जैनबगंज बाजार में दो मोटरसाइकिलें तेज गति से आ रही थीं और अचानक उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। इलाज के दौरान अलाउद्दीन (25 वर्ष), पुत्र अजीज, निवासी शाहपुर किशनी, और योगेंद्र सिंह (17 वर्ष), पुत्र विजेंद्र सिंह, निवासी पुरे जबर बाहरपुर, की मौत हो गई।शुकुल बाजार थाना प्रभारी विवेक वर्मा ने बताया कि दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।

## रंगदारी को लेकर हवाई फायरिंग

### अमेठी में बाउंड्री निर्माण स्थल के पास तीन राउंड चले, आरोपी हिरासत में

अमेठी , कोतवाली क्षेत्र के भेटुआ चौराहे पर बुधवार को रंगदारी मांगने के विवाद में हवाई फायरिंग की घटना सामने आई। यह घटना कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण स्थल के पास हुई, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। दरअसल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण से जुड़े ठेकेदार प्रदीप सिंह निवासी करेडगांव पास की एक चाय दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गौरी मिश्र का पुरवा निवासी संदीपन मिश्रा वहां पहुंचा और उसने निर्माण कार्य के नाम पर ठेकेदार से दस हजार रुपये की मांग की। ठेकेदार प्रदीप सिंह ने रकम देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ देर बाद संदीपन मिश्रा अपने घर गया और एक देशी तमंचा लेकर वापस आया। उसने चाय दुकान के पास खड़े होकर तीन हवाई फायर किए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग घबरा गए और बाजार क्षेत्र में हलचल बढ़ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की और इसी बीच पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। बाद में आरोपी संदीपन मिश्रा को हिरासत में लेकर अमेठी कोतवाली लाया गया।

अमेठी कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

## आयुष आपके द्वार के तहत डॉ राजेश की टीम पहुंची कस्तूरबा विद्यालय के द्वार

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जनहित में संचालित आयुष विभाग की महत्वाकांक्षी एवं परोपकारी योजना ‟आयुष आपके द्वार” के अंतर्गत दिनांक 26 फरवरी 2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, लालपुर जलालपुर, कैसरगंज (बहराइच) के प्रांगण में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. सरोज शंकर राम, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी (श्रावस्ती/बहराइच) के कुशल निर्देशन में तथा डॉ. राजेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कुंडासर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी एवं स्टाफ की पूरी टीम उपस्थित रही।शिविर एवं संगोष्ठी के माध्यम से डॉ. राजेश कुमार द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को आयुर्वेदिक पद्धति से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने छात्राओं को बताया कि संतुलित आहार-विहार, ऋतु एवं मौसम के अनुसार दैनिक दिनचर्या, समय पर भोजन, पर्याप्त नींद तथा योग एवं प्राणायाम को जीवन में अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है।इसके साथ ही छात्राओं को स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व पर भी जागरूक किया गया और बताया गया कि स्वच्छ वातावरण एवं स्वच्छ आदतें रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती हैं। शिविर के दौरान छात्राओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।विद्यालय परिवार द्वारा आयुष विभाग की इस जनकल्याणकारी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

## कुंडासर चौकी पर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र की कुंडासर चौकी पर आगामी त्योहारों, होली, ईद एवं रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौकी क्षेत्र के गांवों के सभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।बैठक के दौरान होलिका दहन स्थलों, जुलूस मार्गों तथा पूर्व में हुए किसी भी प्रकार के विवादों की जानकारी ली गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्ट या असामाजिक गतिविधि को गंभीरता से लिया जाएगा। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की गई।चौकी इंचार्ज दीपक सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि रंग में भंग डालने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसआई संजीव वर्मा ने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने, समय से सूचना देने तथा युवाओं को शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित करने की अपील की। एस आई सुदामा यादव ने कहा कि पुलिस-प्रशासन हर परिस्थिति में आमजन की सुरक्षा के लिए तत्पर है।बैठक में पूर्व प्रधान अनिल सिंह, रजी अहमद,श्याम सिंह वर्मा,वेद प्रकाश सिंह, रिजवान अहमद, देवराज सिंह,राहुल सिंह, प्रमोद कुमार, सहीम अहमद सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया।

# मटेरा बाजार से नानपारा तक भव्य रूप में निकाली गई निशान यात्रा

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। मटेरा श्री खाटू श्याम मंडल के तत्वाधान में विगत 28 वर्षों से खाटू श्याम जी का सतरंगी निशान भव्य महोत्सव मनाया गया। इसी क्रम में बाबा श्याम को रिझाने के लिए 27 तारीख को प्रातः 7:00 बजे मटेरा रिंग्स धाम से नानपारा खाटू धाम तक पैदल यात्रा निकाली गई जिसमें 700 से 1000 भक्त सम्मिलित हुए। जिसमें महिलाएं बच्चे और पुरुष शामिल हुए। यात्रा के दौरान जगह-जगह जलपान एवं भोजन की व्यवस्था मंडल एवं भक्तों द्वारा की गई थी। निशान यात्रा का समापन स्थल श्री खाटू श्याम मंदिर नानपारा हुआ। यात्रा के दौरान लोगों में भारी खुशी देखी गई लोग रंग और गुलाल उड़ाते हुए कड़ी धूप में अपनी गंतव्य की तरफ बढ़ते नजर आए। यात्रा में मंडल अध्यक्ष भाजपा कुश शुक्ला समाजसेवी अंबरीश अग्रवाल, श्याम प्रेमी आयुष अग्रवाल अनुज, अंकित, निकुंज मनीष, पवन, अतुल, माधुरी पांडे, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश पांडे , अमरीक सिंह आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे। श्याम प्रेमी आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के पश्चात 28 तारीख को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ होगा। जिसके पाठ वाचक अनूप शुक्ला होंगे। यात्रा के दौरान मटेरा थाना प्रभारी हरिकेश सिंह सहित भारी पुलिस दल मौजूद रहा।



# खाटू श्याम बाबा की कृपा से गूंजा जरवल, भव्य निशान यात्रा व पूजा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जरवल कस्बा स्थित राम जानकी खाटू श्याम मंदिर में 27 फरवरी 2026, शुक्रवार को खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा एवं निशान पूजा बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई।

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पारंपरिक वेशभूषा में निशान लेकर नगर भ्रमण किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा रहा। निशान यात्रा के समापन पर विधिवत निशान पूजा की गई, जिसमें पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ बाबा का विशेष श्रृंगार व आरती संपन्न हुई।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति व स्थानीय स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन का सहयोग भी सराहनीय रहा। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित दूर-दराज से आए भक्तों ने सहभागिता कर बाबा से सुख-समृद्धि की कामना की।

अंत में मंदिर समिति ने सभी सहयोगियों, भक्तों व प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता व आस्था को नई ऊर्जा मिलती है। इस मौके पर कृष्ण मुरारी अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, कैलाश नाथ राना ‟पत्रकार”, विकास राजपूत, कुंवरदीप यज्ञसैनी, नीरज अग्रवाल, परमेश अग्रवाल पम्मी चिंटू अग्रवाल त्रिवेणी गुप्ता सुरेंद्र कुमार कसौंधन जितेंद्र कुमार कसौधन जगदीश प्रसाद कनौजिया पंकज अग्रवाल प्रमोद कुमार कसौंधन, प्रबल अग्रवाल, पिंटू विकास अग्रवाल, महिला मंडल / सहयोगिनी अंजली अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, सोनम अग्रवाल सहित भारी संख्या में श्याम भक्त एवं जरवल चौकी इंचार्ज शिवम कुमार कनौजिया अपने भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# त्योहारों को लेकर अमौली चौकी में हुई पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर, आगामी रमजान ईद तथा होली महापर्व को लेकर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली पुलिस चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह द्वारा आयोजित बैठक अंतर्गत पहुंचे थाना प्रभारी चांदपुर विनोद कुमार पटेल ने कस्बे वासियों समेत क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक करते हुए आगामी ईद तथा होली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने आगामी त्यौहारों को लेकर चर्चा करते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए आम जनमानस से अपील की थाना प्रभारी ने कहा कि हम सभी को आपस में भाईचारा कायम रखते हुए आपसी सौहार्द के साथ त्योहारों में सहभागिता निभाई होगी जिसमें किसी भी प्रकार की अभद्रता दुर्व्यवहार करना असंवैधानिक है यदि कोई अराजक तत्व त्योहारों के मद्देनजर अराजकता फैलाते मिला तो उस पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी मौके पर मौजूद कस्बे के व्यापारी कारोबारी को भी सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे तथा अन्य बिंदुओं पर विशेष चर्चा करते हुए थाना प्रभारी ने आगाह किया इस मौके पर चांदपुर थाने के उप निरीक्षक जयप्रकाश यादव प्रदीप कुमार ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर पप्पू प्रधान अबरार अहमद फूल हसन शैलेंद्र शुक्ला रवि ओमर अनीश विख्यात पटेल विकास उमराव समेत लगभग आधा सैकड़ा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक एवं मीडिया बंधु मौजूद रहे

# विकास की गंगा बहायेगी बायफ और एचडीएफसी बैंक: बीडीओ पयागपुर

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा




बहराइच। बाएफ लाइवलीहुडस द्वारा संचालित एवं एचडीएफसी बैंक सीएसआर द्वारा वित्तपोषित ‟समग्र ग्रामीण विकास परियोजना” का उद्घाटन समारोह ग्राम शिवदहा में आयोजित किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि खंड विकासअधिकारी अजय प्रताप सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी विमला देवी, बेसिक शिक्षा विभाग से जूनियर विद्यालय शिवदहा के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र, डीडीएम नाबार्ड बहराइच एवं विशेष अतिथि एचडीएफसी बैंक सीएसआर से अर्पन मुखर्जी एवं बाएफ सँस्था के रीजनल डायरेक्टर वी बी दयासा ,स्टेट हेड अभिषेक पांडेय, प्रोजेक्ट आफिसर देवेंद्र नाथ मंडल, एवं पयागपुर परियोजना अधिकारी उत्सव आनंद सहित बाएफ के अधिकारी एवं कर्मचारी ने अपने -अपने विचार व्यक्त किये। खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि संगठन को गो पालन पर विशेष जोर देने कि आवश्यकता है, जिससे और विकास कि गंगा बहेगी। पयागपुर के प्रभारी उत्सव आनन्द तथा श्वेता जायसवाल ने बताया कि यह परियोजना पयागपुर ब्लाक के 20 गांव में संचालित की जा रही है। जिसमें प्रमुख गतिविधि सोलर पंप, स्मार्ट स्कूल, आंगनबाड़ी, कंयूनिटी बाथरूम, उद्यानिकी एवं फार्मर फील्ड स्कूल आदि सम्मिलित हैं। इससे गाँवो, विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रो का सर्वेंगीण विकास किया जायेगा ,लाइब्रेरी की भी व्यवस्था की जा रही है, साथ ही साथ सोलर प्लांट की भी योजना बन रही है, जिससे गाँवो के विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र नए कलेवर मे दिखेगा कार्यशाला मे ग्राम प्रधान शिवदहा पचरन नाथ, प्रधान रायडीह प्रतिनिधि सुधीर पटेल, अब्दुल , अखिलेश, विजय सिंह, मोहित त्रिपाठी ग्राम पंचायत बभनियावा, पचदेवरा, गोविंदापुर, वीरपुर, चंदवापुर, खजुरी , पैड़ी, वैनी, सेंवढ़ा, परना, के संभरान्त व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया

# जय श्री श्याम के जयकारे से गूंजा कस्बा बाबागंज

### रुपईडीहा से नानपारा के लिये निकली भव्य निशान यात्रा

### बाबागंज मे श्याम भक्तों ने करायी जलपान की व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। बीते 27 फरवरी शुक्रवार को खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा एवं निशान पूजा बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। श्री श्याम भक्त पारंपरिक वेशभूषा में निशान लेकर कस्बा रुपईडीहा से नानपारा के लिए प्रस्थान किये। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा रहा। निशान यात्रा के दौरान कस्बा बाबागंज मे श्याम भक्त अनुज वर्मा व रितिक गुप्ता द्वारा वृहद जलपान की व्यवस्था की गई। निशान यात्रा के दौरान श्याम भक्त श्रद्धालुओं ने बाबागंज पहुंचकर जलपान किया। वहीं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन का सहयोग भी सराहनीय रहा। इस दौरान शुभम मिश्रा, आदर्श मिश्रा, चंदन सोनी, निखिल अग्रवाल, आकाश गुप्ता, आदर्श जायसवाल नितिन गुप्ता सहित भारी संख्या में श्याम भक्त एवं बाबागंज चौकी इंचार्ज शिवेश शुक्ला अपने भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बना मधुमक्खियों के छत्ते वाला सेमल का पेड़

### कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के ककरहा में स्थित है पेड़

### मधुमक्खियों ने बड़ी संख्या में लगाए नये छत्ते

मिथिलेश जायसवाल / अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र की ककरहा रेंज में हंसुलिया नहर के निकट मौजूद सेमल का पेड़. एक बार फिर सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। जंगल भ्रमण पर जाने वाले सैलानी इस पेड़.को निहार रहे हैं और उसकी फोटो खींच रहे हैं और इस पेड़.की सुंदरता का वीडियो बना रहे हैं क्योंकि मधुमक्खियों ने इस वर्ष भी इस पेड़ पर ढेर सारे छत्ते लगाए हैं हालाँकि जंगल मे अनेक स्थानों पर अनेक पेड़ों पर मधुमक्खियां एक्का दुक्का छत्ते बनाती हैं लेकिन इस पेड़ की विशेषता है कि इस पर पर मधुमक्खियां बड़ी संख्या में छत्ते बनाती है।इस पेड़ के बारे में बताते हुए फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के मुखिया बीडी लखमानी बताते हैं कि कतर्नियाघाट की ककरहा रेंज बफर जोन में आती है जिस वजह से अन्य चीजों के साथ प्रति वर्ष शहद का भी ठेका होता है और इस पेड़.के सारे छत्ते जून में काट लिए जाते हैं फिर भी इस पेड़.की न जाने क्या विशेषता है कि अगले वर्ष मधु मधुमक्खियां फिर से छत्ते बनाने लगती हैं और ये सिलसिला अनादि काल से चला आ रहा है ।इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र कनौजिया ने बताया कि जंगल में वन्य जीवों के साथ ही मधुमक्खियां का बड़ी संख्या में उपस्थित रहना पर्यावरण के लिए सुखद संकेत है।

# बदरौली बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष, महिला समेत कई घायल

## पीड़िता ने कोतवाली कैसरगंज में दी तहरीर

### आरोपियों पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कोतवाली क्षेत्र के बदरौली बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना में एक महिला समेत कई लोगों को चोटें आई हैं। मामले को लेकर पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बदरौली बाजार निवासी ममता पाण्डेय पत्नी शिव शंकर पाण्डेय ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 27 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 7:30 बजे गांव के ही कृष्ण गोपाल पाण्डेय, जेवन कुमार पाण्डेय एवं प्रवेश देवी पत्नी जेवन कुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर अचानक गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मामला बढ़ गया और आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य बचाव के लिए पहुंचे तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया और मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। पीड़िता का कहना है कि यह विवाद पहले से चली आ रही रंजिश का परिणाम है और आरोपियों द्वारा लगातार धमकाया जा रहा है।

पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है, मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों में घटना को लेकर चर्चा का माहौल है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करती।

# आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज में खेली गई होली




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल सबलापुर में बीएएमएस के छात्र-छात्राओं ने होली खेली। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों व एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान आयुर्वैदिक प्राचार्य डॉ सतीश चंद्र तिवारी, डा. देवेश कुमार तिवारी,डा. पवन वर्मा, डा. उमेश नारायण मिश्र,डा. निधि पोरवाल, विनोद त्रिपाठी, जेपी शुक्ला, महेंद्र शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

# डामर मिक्सर मशीन में आग

## सड़क निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा टला, मशीन क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे मजदूर

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,नगर पंचायत गड़वारा बाजार क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण कार्य में प्रयुक्त एक डामर गिट्टी मिक्सर मशीन में अचानक आग लग गई। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग किसी तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट के कारण भड़की, जिससे देखते ही देखते पूरी मशीन आग की लपटों में घिर गई और जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। आग लगने के दौरान मौके पर काम कर रहे मजदूरों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए सुरक्षित स्थान पर जाकर अपनी जान बचाई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी कर्मचारी सुरक्षित रहे। आग लगने की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। समय रहते आग पर नियंत्रण पाने से आसपास खड़ी अन्य मशीनों और निर्माण सामग्री को संभावित नुकसान से बचाया जा सका। घटना के कारणों की प्राथमिक जांच की जा रही है। स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रहे हैं। इस घटना के कारण सड़क निर्माण कार्य अस्थायी रूप से प्रभावित हुआ है।

## संक्षेप

### देवर ने भाभी की ईंट मारकर हत्या की

**आरोपी छत से कूदकर की आत्महत्या का प्रयास, हालत गंभीर**

बागपत , बागपत में बुधवार शाम पारिवारिक विवाद में युवक ने अपनी भाभी की ईंट मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने मकान की छत से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के सांकरौद गांव का है। घर में अकेली थीं महिला मृतका की पहचान चंचल के रूप में हुई है। जिनकी शादी नवीन से हुई थी। घटना के समय नवीन अपनी वेल्डिंग की दुकान पर थे। घर में चंचल और उनकी चार माह की बेटी मौजूद थीं। आरोप है कि देवर साहिल, जो शराब पीने का आदी बताया जा रहा है। घर पहुंचा और किसी बात को लेकर भाभी से झगड़ा करने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने ईंट उठाकर चंचल के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। छत से कूदकर जान देने की कोशिश भाभी की हत्या के बाद आरोपी साहिल मकान की छत पर चढ़ गया और वहां से नीचे कूद गया। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।दरोगा कपिल कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**समीर की जान गई, पुलिस वाहन ड्राइवर की तलाश जारी**

बागपत, उत्तर प्रदेश के बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार की देर शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक समीर (19) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। नेथला गांव निवासी समीर बागपत से अपने गांव लौट रहा था। गांव के ही एक युवक सौरभ ने मोड़ पर उसे घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा देखा। सौरभ ने तुरंत डायल 112 और 108 पर कॉल कर पुलिस और एंबुलेंस को बुलाया। घायल समीर को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने 25 हजार के इनामी गौकश को दबोचा

**रमाला पुलिस और सर्विलांस टीम ने दिल्ली से की गिरफ्तारी**

बागपत , रमाला थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने 25 हजार रुपये के इनामी गौकश को गिरफ्तार किया है। आरोपी अरशद को दिल्ली से पकड़ा गया। उस पर गौवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज था और वह फरार चल रहा था पुलिस अधीक्षक, बागपत ने अरशद की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया था। इसके बाद रमाला पुलिस और सर्विलांस टीम ने उसकी तलाश तेज की।

## इलाहाबाद है, हफ्ता लग जाएगा भांग का नशा उतरने में

**चीफ जस्टिस की टिप्पणी पर लोग हंसे; तारीख देते समय होली की छुट्टी याद आई**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को एक केस की सुनवाई के दौरान दिलचस्प वाकया सामने आया। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने केस में अगली तारीख तय करते समय खुली अदालत में इलाहाबाद (अब प्रयागराज) को लेकर एक हल्की-फुल्की टिप्पणी की, जो चर्चा का विषय बन गई। मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने सुनवाई के लिए लिस्टेड था। चीफ जस्टिस की बेंच मामले की अगली सुनवाई की तारीख तय कर रही थी और कॉज लिस्ट पर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान उखक ने कहा, इस मामले को होली की छुट्टियों के बाद लिस्ट किया जाए। इसे अगले सप्ताह के बाद रखा जाए। इसी दौरान उन्होंने यह भी कहा, इलाहाबाद है भाईङ्घ एक हफ्ता तो लग जाएगा भांग का नशा उतरने में। उनकी यह टिप्पणी प्रयागराज में चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल, प्रयागराज समेत आसपास के कई जनपदों में होली के दौरान पारंपरिक रूप से कुछ लोग भांग का भी सेवन करते हैं। सुप्रीम कोर्ट में सुरेश देवी बनाम हाईकोर्ट ऑफ ज्यूडिकेचर एट इलाहाबाद मामले की सुनवाई चल रही थी। मजाकिया लहजा, आदेश का हिस्सा नहीं अदालत में यह बातचीत पूरी तरह अनौपचारिक थी। यह किसी जुडिशल ऑर्डर का हिस्सा नहीं थी और न ही इसका मामले के कानूनी मुद्दों से कोई संबंध था। ऐसी हल्की टिप्पणियां कभी-कभी नियमित कार्यवाही के दौरान की जाती हैं। इनका उद्देश्य माहौल को हल्का फुल्का रखना होता है। स्पष्ट है कि इस टिप्पणी का केस की मेरिट या सुनवाई पर कोई प्रभाव नहीं है। मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित सुरेश देवी बनाम हाईकोर्ट ऑफ ज्यूडिकेचर एट इलाहाबाद मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसकी अगली सुनवाई होली की छुट्टियों के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई तिथि पर होगी। देशभर में प्रसिद्ध है प्रयागराज की होली प्रयागराज में होली का त्यौहार बेहद उत्साह पूर्ण तरीके से मनाया जाता है और यहां की होली की चर्चा देश भर में होती है। खास तौर से ऐतिहासिक लोकनाथ चौक की होली अक्सर सुर्खियां बनती हैं। प्रयागराज में होली तीन दिनों तक खेली जाती है। तीसरे दिन कुछ हिस्सों में कपड़ा फाड़ होली खेली जाती है।जब चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने वकील को जमकर फटकार लगाई एक अन्य मामले में चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक वकील को जमकर फटकार लगाई।

## आईटीआई छात्र ने खुद को गोली मारी

**हाथ में तमंचा, बाई कनपटी पर लगी गोली; स्कूल के कमरे में कुर्सी पर मिला शव**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , शुक्रवार को एक आईटीआई के छात्र के स्कूल के अंदर कमरे में तमंचे से माथे पर सटाकर गोली मार कर आत्महत्या कर ली। गोली सिर में फंसी रही। सुबह जब स्कूल की दाई पहुंची, उसने कमरा खुला देखा और साहिल खून से लथपथ कुर्सी पर पड़ा हुआ था। उसके हांथ में तमंचा था। वह चीखते हुए भागी और स्कूल के संचालक को बताया। इसके बाद संचालक भी मौके पर पहुंचे और घटना को देख तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर घूरपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह और एसीपी कौंधियारा भी पहुंचे। फील्ड यूनिट टीम ने जांच पड़ताल की। इसके बाद मृतक के घरवालों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई है। घटना के समय मृतक के मोबाइल पर किसी की कॉल आ रही थी। पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना घूरपुर थाना क्षेत्र के चक गौरी शंकर वादे का पूरा गांव की है। अब जानिए पूरी घटनाक्रमङ्घ लालपुर थाना क्षेत्र के गोबर गांव के रहने वाला रेवती रमण शुक्ला का बेटा साहिल शुक्ला (22) आईटीआई का छात्र था। साहिल अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह घूरपुर के वादे का पूरा में अपने फूफा अनिल तिवारी के मान शारदा इंटर कॉलेज के ही एक कमरे में रहता था। वह नैनी के कॉटन मिल स्थित अपेक्स में आईटीआई का कोर्स कर रहा था और अपने फूफा के शारदा प्रयाग पब्लिक स्कूल की देखभाल भी करता था। अक्सर वह रात में स्कूल परिसर में ही रुकता था। गुरुवार रात में ही उसने 315 बोर के तमंचे को कुर्सी पर बैठकर अपने माथे से सटाकर गोली चला दी। इसके बाद वह खून से लथपथ कुर्सी पर पड़ा था। दाई पहुंची स्कूल तो हुई जानकारी स्कूल में काम करने वाली दाई जब पहुंची तो उसने देखा कि कुर्सी पर साहिल खून से लथतपथ पड़ा था। उसके हाथ में एक तमंचा भी था। दाई स्कूल मलिक के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी। इसके बाद संचालक अनिल तिवारी पहुंचे और पुलिस को सूचना कर दी इसके बाद एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान और घूरपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर पुलिस ने साक्ष्य जुटाए और जांच पड़ताल करते हुए शो को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एक भाई की पहले हो चुकी है मौत परिवार के लोगों ने बताया- साहिल दो भाई थे। बड़े भाई की पहले ही सर्पदंश से मौत हो चुकी है।

## अज्ञात चोरों ने घर के अंदर रखी जेवर मोबाइल समेत 45000 किए पार

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरहन बुजुर्ग के मजरे बरमपुर गांव में किसान अमर बहादुर प्रजापति के घर बीती रात अज्ञात चोर ने धावा बोल दिया पीड़ित ने नजदीकी पुलिस चौकी अमौली में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित तथा पीड़ित की पत्नी ममता देवी घर की गैलरी में खाना खाकर सो रहे थे वहीं पास में अखंड रामायण का पाठ भी कुछ दूर मोहल्ले में चल रहा था घर में घुसे अज्ञात चोर ने गृह स्वामिनी पीड़ित की पत्नी ममता देवी की खाट में ऊपर की तरफ रखें मोबाइल को उठाया वही रखी चाबी निकाल कर अलमारी खोल पत्नी की एक जोड़ी तोड़िया व 45000 रुपए पार कर दिया पत्नी ममता देवी को कुछ आहट लगी जिससे उसने अपने पति को जगा कर शोर मचाया तब तक आहट पाकर चोर बाहर भाग खड़ा हुआ पीड़ित अमर बहादुर ने अपने भाई देवनारायण तथा कुछ मोहल्ले के अन्य लोगों के साथ चोर का पीछा किया जहां चोर गांव से निकलकर सरहन बुजुर्ग की तरफ पहले से तैयार खड़े एक बाइक में बैठकर निकल गया चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया वहीं जांच पड़ताल करते हुए जल्द ही इस खुलासे का आश्वासन दिया

## युवक की कनपटी पर गोली मारी, भेजा उड़ा

**हमलावर बोला- है कोई माई का लाल बचाने वाला, उसकी पत्नी को भगाकर लाया था**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , रामराज एरिया में युवक की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक से आए हमलावर ने युवक को दो गोलियां मारीं। पहली गोली पीछे से कमर पर जबकि, दूसरी गोली कनपटी पर सटाकर मारी गई। युवक का भेजा तक उड़ गया। हत्यारे ने पहली गोली मारने के बाद बाजार में चिल्ला-चिल्लाकर कहा- है कोई माई का लाल जो इसे बचा ले। इसके बाद उसकी कनपटी पर दूसरी गोली मार दी। पुलिस की जांच में सामने आया है, युवक का हत्यारे की पत्नी से अफेयर था। वह उसे भगाकर लाया था। मृतक और हत्यारे की पत्नी दोनों लव मैरिज करने वाले थे। बताया जा रहा है कि प्रेम-प्रसंग को लेकर युवक की कुछ दिनों पहले कहासुनी भी हुई थी। घटना दोपहर बहसुमा मार्केट में सनातन धर्म मंदिर के ठीक सामने की है। रामराज के जगजीवन पुरी मोहल्ले के रहने वाले सुरेंद्र (28) बाजार से गुजर रहे थे। वह बाइक पर अकेले ही थे। करीब ढाई बजे रामराज की मेन मार्केट में सनातन धर्म मंदिर के सामने बाइक से आए हमलावर ने सुरेंद्र की पीठ पर पीछे से एक गोली मारी। गोली लगते ही सुरेंद्र बाइक से गिर गए। इसके बाद हमलावर दौड़ते हुए सुरेंद्र के करीब आया। उनकी कनपटी पर पिस्टल सटाकर दूसरी गोली मारी। फिर बाइक स्टार्ट कर मौके से भाग निकला। मौके पर मौजूद लोग दौड़ते हुए सुरेंद्र के पास पहुंचे। लहूलुहान हालत में लेकर हॉस्पिटल भागे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

गोली चलते ही बाजार में अफरा-तफरी मच गई। भगदड़ मचने से लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ एसपी देहात भी मौके पर पहुंचे। मार्केट के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने सुरेंद्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। एसपी अभिजीत कुमार ने बताया कि हमलावर की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। वारदात की वजह जानने के लिए मृतक के परिजनों से भी जानकारी ली जाएगी। शादीशुदा महिला को साथ लाया था सुरेंद्र पुलिस की जांच में सामने आया है कि मृतक सुरेंद्र करीब डेढ़ साल पहले शादीशुदा महिला को अपने साथ भगा लाया था। वह फलावदा थानाक्षेत्र के सनौता गांव की रहने वाली थी।

## जलभराव के कारण लोग परेशान

**महीनेभर में 5 बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं, रोज हो रही दुर्घटना**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , नगर निगम के वार्ड नंबर 68 से गली नंबर 7, 8 और 9 में जलभराव और पानी की निकासी न होने से स्थानीय लोग परेशान है। इस संबंध में बड़ी संख्या में लोग नगर निगम कार्यालय पर पहुंचे। वहां लोगों को कोई अधिकारी नहीं मिला तो कमिश्नरी पर आकर ज्ञापन सौंपा। वार्ड 68 निवासी हीरालाल वाल्मिकी ने बताया कि करीब 1 महीने से जलभराव की समस्या है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और रोजाना सड़क दुर्घटना हो रही है। परीक्षा के समय बच्चों का वहां से निकलकर जाना और मुश्किल हो गया है। रमजान के चलते सड़कों पर भीड़ भी ज्यादा रहती है, इसमें भी लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है।6 बार शिकायत, समाधान अबतक नहीं जलभराव की समस्या के विरोध में पहुंचे लोगों को नहीं बताया कि पिछले 1 महीने में नगर निगम के अधिकारियों से 5-6 बार शिकायत की है। हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है। कभी किसी ने मौके पर आकर जायजा नहीं लिया और ना ही समस्या का समाधान करने के लिए कोई कदम उठाया।



स्थानीय पार्षद भी कोई मदद नहीं कर रहे हैं। ज्ञापन देने आए लोगों को कहना है कि यदि जल्दी हमारी समस्या का समाधान नहीं किया जाता है, तो नगर निगम के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## 3.18 लाख रुपए की साइबर ठगी

**वॉट्सएप पर फाइल आई थी, डाउनलोड होते ही मोबाइल ने काम करना बंद किया**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , साइबर ठगी का मामला सामने आया। मोदीनगर के श्रीनगर कॉलोनी निवासी श्रवण कुमार शर्मा के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी कर उनके बैंक खातों से 3 लाख 18 हजार 106 रुपये निकाल लिए गए। यह घटना 10 फरवरी 2026 को हुई, जब श्रवण कुमार शर्मा के वॉट्सएप पर एक .स्त्रह्य फाइल आई। फाइल एक परिचित के माध्यम से फॉरवर्ड की गई थी, जिस पर उन्होंने क्लिक कर दिया। फाइल डाउनलोड होते ही उनका मोबाइल फोन ठीक से काम करना बंद कर गया और कुछ समय बाद उनका नंबर भी बंद हो गया। लगभग तीन दिनों तक उनका फोन सामान्य स्थिति में नहीं आ पाया। 19 फरवरी को बैंक से आए एक कॉल के बाद उन्हें ठगी का पता चला। उनके दो बैंक खातों से अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से कुल 3,18,106 रुपये निकाल लिए गए थे। यह राशि यूपीआई और आईएमपीएस के जरिए कई किस्तों में ट्रांसफर की गई थी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने किसी के साथ कोई ओटीपी या बैंक विवरण साझा नहीं किया था। इस मामले पर साइबर सेल पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच से यह मैलवेयर या रिमोट एक्सेस ऐप के माध्यम से की गई धोखाधड़ी का मामला प्रतीत होता है। पुलिस के अनुसार, साइबर ठग अक्सर फर्जी चालान, बिजली बिल या बैंक अपडेट के बहाने .स्त्रह्य फाइल भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति ऐसी फाइल डाउनलोड करता है, उसका मोबाइल हैक हो सकता है और ठगों को बैंकिंग ऐप्स तक पहुंच मिल जाती है। साइबर सेल अधिकारियों ने यह भी बताया कि पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी लेनदेन विवरण, बैंक खाते की जानकारी और मोबाइल डेटा को जांच के लिए एकत्र कर लिया गया है। संबंधित बैंकों और भुगतान प्लेटफॉर्म से भी संपर्क किया जा रहा है, ताकि उन खातों की पहचान की जा सके जहां पैसा ट्रांसफर किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## सेंट्रल मार्केट से उतरवाए सपा के झंडे

**भाजपा का विरोध कर रहे थे व्यापारी, एक गिरफ्तार; शिवपाल यादव ने फोन पर की बात**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , शास्त्रीनगर में सेंट्रल मार्केट पर ध्वस्तीकरण की तलवार लटकी है। ऐसे में बाजार में व्यापारियों ने भाजपा का विरोध करते हुए सपा के झंडे लगा दिए थे। सुबह जब बाजार खुला तो कई दुकानों पर सपा का झंडा था। थोड़ी देर बाद स्थानीय भाजपा नेताओं ने झंडे हटवा दिए। व्यापारियों का आरोप है कि हमारे बाजार पर संकट मंडरा है। एक कांप्लेक्स पहले ही टूट चुका है। अब दूसरी दुकानें टूटने की बारी आ चुकी है। भाजपा के जनप्रतिनिधियों का हमें सहयोग नहीं मिल रहा है, इसलिए सपा के झंडे लगाए थे। सेंट्रल मार्केट में झंडे लगाने को लेकर थाना नौचंदी पुलिस ने करण नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही ऐसा करने वाले कुछ अन्य लोगों की भी पुलिस तलाश कर रही है। पीड़ित व्यापारी से शिवपाल यादव ने की बात मेरठ व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष शैंकी वर्मा ने पीड़ित व्यापारी से की बात। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आदरणीय श्री शिवपाल सिंह यादव से बता कराई और पीड़ित व्यापारी ने कहा- मैंने जिसे राजा बनाया आज वह राजा मुझसे रूठ गया है। शिवपाल ने कहा- यदि हमारी आवश्यकता पड़ी तो हम व्यापारियों के आंदोलन में मेरठ भी आएंगे। शिवपाल ने बताया कि 2016 में उनके द्वारा कानून बनाया गया था, जबकि आज की तारीख में वह विभाग मुख्यमंत्री के पास है लेकिन सभी अधिकारी लूट खसौट में लगे हुए हैं, कोई भी कानून का पालन नहीं कर रहा है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूरे सेंट्रल मार्केट का ध्वस्तीकरण होना है। कोर्ट का आदेश था कि कमर्शियल एक्टिविटी रोककर बाजार ध्वस्त कर दिया जाए। इसके लिए आवास विकास को छह सप्ताह का समय दिया गया था। इसके बाद व्यापारियों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों के सामने अपनी बात रखी थी। उन्होंने बाजार तोड़ने से रोकने की अपील भी की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मामले में अगली सुनवाई 27 फरवरी होनी है।

### सपा विधायक अतुल प्रधान ने किया पोस्ट

सपा विधायक अतुल प्रधान ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों का दर्द बहुत असहनीय है और हमारे द्वारा सदन में प्रमुखता से विधानसभा कार्यवाही में यह विषय उठाया गया। हम सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के हर दुख दर्द में उनके साथ हैं और उनकी आवाज बनने का हम काम करेंगे। आज उनकी पीड़ा और उनके साथ हुए धोखा से बहुत बुरी तरह आहत हैं। हम उनकी हर पटल पर उनकी मदद करने के लिए तैयार हैं।

## नोएडा में कार सवार युवकों ने सेल्समैन को पीटा

**हवा डालने को लेकर हुआ विवाद, शिकायत पर पुलिस कर रही जांच**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , एक पेट्रोल पंप पर कार सवार 4 युवकों ने हवा भर रहे सेल्समैन से मारपीट कर दी। हवा भरने के दौरान उनकी किसी बात पर विवाद हो गया, जिसके बाद युवकों ने सेल्समैन को बुरी तरह पीटा। मारपीट के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पंप में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना सेक्टर-21 के एक पेट्रोल पंप की है।वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग कार में हवा भरवाने पंप पर आए थे। हवा भर रहे युवक की इन लोगों से किसी बात को लेकर बहस हो गई। इसके बाद कार से तीन और लोग उतरकर आते हैं। फिर वें युवक को घेरकर मारना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान पेट्रोल पंप कर्मचारी बीच-बचाव के लिए सामने आए, जिससे युवक को छुड़ाया गया। कुछ देर बाद मौके पर एक पुलिसकर्मी पहुंचता है

## ग्रेटर नोएडा में बीटेक छात्र ने सुसाइड किया

**लड़की को वाट्सऐप पर मैसेज भेजकर फंदा लगाया, गलगोटिया विश्वविद्यालय में पढ़ता था**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र स्थित भगत सिंह हॉस्टल में एक बीटेक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जिसके बाद परिजन उसे अपने पैतृक गांव ले गए। मृतक की पहचान गौरव के रूप में हुई है, जो मूलरूप से हरियाणा के रेवाड़ी जिले के जाटू थाना क्षेत्र का निवासी था। वह ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया विश्वविद्यालय में बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र था और हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसके तीन दोस्त छुट्टी पर थे, इसलिए वह हॉस्टल में अकेला था। छात्रों के अनुसार, गौरव पढ़ाई में मेहनती था। बीटा 2 कोतवाली प्रभारी के अनुसार, शुरूआती जांच में सामने आया है कि घटना से पहले युवक ने एक युवती को फोन पर संदेश भेजा था। संदेश की सामग्री की जांच की जा रही है। यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और कॉल डिटेल सहित अन्य साक्ष्य खंगाले जा रहे हैं। घटना के बाद छात्र के परिजनों को सूचित किया गया। परिजन ग्रेटर नोएडा पहुंचे और शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने पैतृक गांव ले गए। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है और उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।




## उत्तराखंड स्कूल की नौवीं से 12वीं तक मान्यता रद्

**इन क्लास में पढ़ते है 400 स्टूडेंट्स, याचिका पर हाईकोर्ट ने उइरए से मांगा था जवाब**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-56 स्थित उत्तराखंड पब्लिक स्कूल पर सीबीएसई बोर्ड ने 9वीं से 12वीं तक दी गई मान्यता को रद्द कर दिया है। पिछले साल भी स्कूल प्रबंधन पर महिला टीचरों ने गंभीर आरोप लगाए थे। तत्कालीन जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट और जिला विद्यालय निरीक्षक को जांच सौंपी थी। रिपोर्ट में कई आरोप सही मिले थे। मामले में कार्रवाई के लिए प्रशासन ने सीबीएसई को पत्र लिखा था। इसके बावजूद कार्रवाई न होने पर पिछले साल शिकायतकताओं ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने सीबीएसई से जवाब सौंपने के लिए कहा। सीबीएसई ने अपने स्तर से जांच कराई और 18 फरवरी को आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि कक्षा नौ से कक्षा 12 तक की मान्यता को रद्द किया गया है। बोर्ड परीक्षा दे रहे स्टूडेंट्स देंगे परीक्षा हालांकि, कक्षा आठ तक की पढ़ाई पर कोई निर्णय नहीं लिया है। स्कूल में कक्षा नौ से 12 तक तीन सेक्शन में करीब 400 बच्चे पढ़ते हैं। 10वीं और 12वीं के बच्चे बोर्ड की परीक्षा दे रहे हैं। डीआईओएस राजेश कुमार सिंह का कहना है कि जो स्टूडेंट्स बोर्ड की परीक्षा दे रहे हैं, वे पूरी परीक्षा देंगे। 9वीं और 11वीं के बच्चों को सीबीएसई किसी दूसरे स्कूलों में शिफ्ट कराएगा।वेतन का हिस्सा नगद में लेने का आरोपजिलाधिकारी के आदेश पर हुई जांच में वेतन का एक हिस्सा नगद में लेने के आरोपों की पुष्टि हुई थी। जांच रिपोर्ट में बताया गया

# सचिव की अनुपस्थित में गांव विकास संभव?

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद( हरदोई ) तहसील क्षेत्र के विकास खंड टोडरपुर ब्लॉक की 7 ग्राम पंचायतें सचिव विहीन डेढ़ माह से विकास कार्य ठप, प्रस्ताव डीपीआरओ की मेज पर धूल फांक रहा? हरदोई जनपद के टोडरपुर विकासखंड में प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। ब्लॉक की सात ग्राम पंचायतों में पिछले डेढ़ माह से ग्राम सचिव की तैनाती नहीं की गई है, जिसके चलते विकास कार्य पूरी तरह बाधित पड़े हैं। सचिव न होने के कारण न तो भुगतान प्रक्रियाएं पूरी हो पा रही हैं और न ही योजनाओं का क्रियान्वयन हो पा रहा है। ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। बताया जा रहा है कि खंड विकास अधिकारी द्वारा सचिव तैनाती का प्रस्ताव करीब डेढ़ माह पूर्व डीपीआरओ कार्यालय को भेजा गया था, लेकिन वह अब तक स्वीकृति के इंतजार में मेज पर धूल फांक रहा है। जिन ग्राम पंचायतों में सचिव विहीन गांव रैगवां, बूढ़नपुर, भदेवना, फैजुल्लापुर, सुजीपुर, जसरथपुर, फतेपुर गयंद, ग्रामीणों का कहना है कि बिना सचिव के न तो मनरेगा कार्यों की फाइलें आगे बढ़ रही हैं, न पेंशन, न आवास, न अन्य योजनाओं की प्रगति हो पा रही है। सवाल यह है कि आखिर सात ग्राम पंचायतों के विकास को रोककर जिम्मेदार अफसर क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर जल्द तैनाती नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं।

## आतिशबाज के घर भीषण विस्फोट,

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जिले के सांडी कस्बे के मोहल्ला औलादगंज में उस समय हड़कंप मच गया, जब आतिशबाज के घर में अचानक भीषण विस्फोट हो गया। घटना का लाइव सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें धमाके की तीव्रता साफ देखी जा सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला औलादगंज निवासी खुर्शीद के घर यह हादसा हुआ।आशंका जताई जा रही है कि पटाखे बनाए जाने के दौरान यह विस्फोट हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के मकान भी दहल उठे।घटना में दो महिलाएं साजिया ( 38 )पत्नी दिलशाद, रूबीना ( 28 ) पत्नी इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2012 में भी इसी मकान में विस्फोट की घटना हो चुकी है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी।फिलहाल पुलिस व प्रशासन मौके पर पहुंचकर जांच में जुटा है और विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस मामले में अस्प पूर्वी सुबोध गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि छत पर भंडारण के कारण ब्लास्ट हुआ है मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं

# ग्राम कचीर में विद्युत विभाग का मेगा कैंप, एक दर्जन कनेक्शन काटे



अमन लेखनी समाचार

ककरवई, झांसी। गरौठा क्षेत्र के ग्राम कचीर में बुधवार को विद्युत विभाग द्वारा मेगा कैंप का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान करीब एक दर्जन बिजली बिल बकायादार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए। वहीं 16 उपभोक्ताओं से ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना के अंतर्गत लगभग 70 हजार रुपये बकाया बिल जमा कराया गया। अवर अभियंता रामभवन सिंह चौहान ने बताया कि विभाग की ओर से वर्तमान में बिजली बिल राहत योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत बकाया बिलों पर विशेष छूट दी जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि योजना का तीसरा एवं अंतिम चरण आज 28 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने नजदीकी विद्युत उपकेंद्र पर संपर्क कर योजना का लाभ उठाएं और समय रहते बकाया बिलों का निस्तारण कराएं। अभियान के दौरान लाइनमैन महेंद्र कुमार, लक्ष्मीकांत, हर्षित पाठक, धर्मजीत, राजाबाबू, ब्रजेश सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# राज्यपाल महोदया जी द्वारा सोनभद्र के विकास भवन के पंचायत रिसोर्स सेन्टर में विभिन्न विकास कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, किट एवं सामग्री किया वितरण

- **सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।**
- **सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक आंगनबाड़ी किट पहुँचे, जिससे बच्चों को बैठने और पढ़ने के लिए उपयुक्त वातावरण मिल सके।**
- **खतौनी से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये।**
- **जनपद के प्रत्येक घर पर सोलर पैनल स्थापित कराए जाए।**
- **केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित लगायी गयी प्रदर्शनी का राज्यपाल महोदया जी ने किया अवलोकन।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज सोनभद्र जनपद के विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेन्टर में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, किट एवं सामग्री का वितरण किये। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट (200), पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पोटली (200), आयुष्मान कार्ड (500), वनाधिकार पट्टा (50), मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति- पत्र (10), प्रधानमंत्री सूर्य योजना के (10) एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत (10) लाभार्थियों, मोटराइज्ड दोना मशीन (2) सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी रहे बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। 10 अनाथ बच्चियों को 1100 रुपए का चेक प्रदान किया गया। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि आज 200 आंगनबाड़ियों को किट उपलब्ध कराई गई हैं। प्रत्येक किट में कुर्सी, साइकिल सहित 22 से 23 प्रकार के उपकरण बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दिए जाते हैं, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी सुगमता से पढ़ सकें और आगे बढ़ सकें। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जो वनाधिकार के तहत आज लाभार्थियों को पट्टा दिया जा रहा है, इसके साथ ही वनाधिकार खतौनी का वितरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा किये जाने वाला यह कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित होती है, उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के लोगों को मिले, उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जिस कार्य के लिए जो भी बजट की मांग की जाती है, उसका उपभोग समय से करना चाहिए और समय से बजट की मांग भी की जानी चाहिए, बजट को समय से खर्च होने पर समाज के अंतिम व्यक्तियों, गरीब, असहाय, दिव्यांग, आदिवासी वर्ग के लोगों को इस योजना का लाभ समय से मिल जाता है। राजस्व विभाग द्वारा खतौनी से सम्बन्धित जो भी मामले होते हैं, उसका निस्तारण निर्धारित समय अवधि में किया जाना चाहिए, ग्राम स्तर पर चौपाल लगाकर खतौनी से सम्बन्धित मामलों के निस्तारण किये जाने चाहिए, समय से खतौनी से सम्बन्धित मामले के निस्तारण होने से व्यक्ति अपने जमीन का मालिकाना हक प्राप्त होता है और भूमि से सम्बन्धित विवाद की संभावना समाप्त होती है। उन्होंने कहा कि भूमि से सम्बन्धित मामलों जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्परता के साथ कार्यवाही की जानी चाहिए, जिससे कि पीड़ित व्यक्तियों को समय से न्याय मिले, जिससे कि माफिया दबंग द्वारा किसी की भूमि पर गलत तरीके से कब्जा न कर सकें और किसी गरीब का शोषण न कर सकें। इच्छा व्यक्त की कि पूरे प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक इस प्रकार की सामग्री पहुँचे, जिससे बच्चों को बैठने और पढ़ने के लिए उपयुक्त वातावरण मिल सके।

## खास समाचार

### डाला-बाइक की टक्कर, तीन घायल, जिला अस्पताल रेफर



अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के करलावा पुल मोड़ के पास एक सड़क हादसे में तीन युवक घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा डाला और बाइक की आमने-सामने की टक्कर से सतीश सिंह संडीला से बेहंदर मार्केट परचून का सामान देने आ रहे थे। वहीं, अनिल और रोहित बांगरमऊ की तरफ से आ रहे थे। अनिल अपनी साली के तिलक समारोह में कमलापुर, सीतापुर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहंदर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाइक चालक अनिल शराब के नशे में थे।

### तालाब में डूब रहे घोड़े की जान बचाकर बने पशु प्रेमी

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां ( हरदोई ) गहरे तालाब में डूब रहे एक घोड़े की जान बचाने दौड़े लोगों ने खुद गहरे तालाब में घुस कर घोड़े को बाहर निकाला। कस्बे के गंगारामपुर स्थित खादी भंडारा के पीछे तालाब के पास एक घोड़ा चर रहा था। तभी अचानक गहरे पानी में शमाने लगा। उधर से गुजर रहे नीलेश मिश्र ₹छोटे मिस्त्री ₹ और पालिका के सफाई कर्मी सुनील ने मानवता दिखाते हुए उसकी जान बचाई।

### पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने की रिपोर्ट दर्ज

मल्लावां( हरदोई ) क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि मेरी पुत्री 25 फरवरी को सुबह करीब 4 बजे दुर्गेश निवासी ग्राम दारापुर बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पुत्री लगभग 6 लाख का जेवर व दो लाख रुपए नगद उठा ले गई हैं। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### बाइक की टककर से घायल की इलाज के तीसरे दिन मौत

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां ( हरदोई ) ग्राम गुलाबपुरवा मजरा तिवार्कुल्ली निवासी महेश ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र कहा कि चचेरे भाई रामपाल 24 फरवरी को 6 बजे गांव इसरापुर से मेडिकल से दवा लेकर पैदल आ रहे थे। जैसे ही मेडिकल से दवा लेकर बिलग्राम कन्नौज रोड पर पहुंचे मोटरसाइकिल चालक ने तेजी वा लापरवाही के साथ चला कर टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल कन्नौज ले जाया गया। कन्नौज से कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर में 25 फरवरी को सुबह 5:30 बजे निधन हो गया। पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## रास्ता अवरुद्ध करने पर मना करने पर महिला को पीटा..

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां( हरदोई ) ग्राम अकबरपुर निवासी शबनम ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र कहा कि गांव में एक कच्ची सड़क सार्वजनिक जिस पर गांव के कई लोगों का आना-जाना होता है।सड़क के बीच में अवैध रूप से गांव के मुस्ताक, सुल्तान, निसार, अंसार, जुबेर ने नींव भर दी है। जब 25 फरवरी को कहा तो सभी लोगों ने मुझे वह मेरी देवरानी सुहाना को गाली गलौज करके लात घुसो डंडों से मारा पीटा। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, एवं साइबर जागरूकता अभियान सम्पन्न

**ऑपरेशन शील्ड के तहत एसिड अटैक की रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के सरल उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में एसिड/तेजाब विक्रय करने वाली दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों को एसिड विक्रय से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा बिना वैध अभिलेख/पहचान पत्र के एसिड विक्रय न करने के निर्देश दिए गए। दुकानों के रजिस्टर, स्टॉक विवरण एवं सीसीटीवी व्यवस्था की जांच की गई। आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भविष्य में नियमों के उल्लंघन पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर-
112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन

# तिवारीपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न, त्योहारों पर गाइडलाइन पालन के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। थाना तिवारीपुर में आज पीस कमेटी की बैठक शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली क्षेत्र के सीओ द्वारा की गई, जिसमें आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा एवं व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सीओ महोदय ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शासनझ्प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही त्योहार मनाएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना अध्यक्ष तिवारीपुर श्री पंकज सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या कठिनाई होने पर नागरिक तुरंत पुलिस प्रशासन से संपर्क करें। पुलिस हर समय जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है। इस दौरान जिलाशांतिझसद्भावना समिति के सदस्य आदिल अमीन ने कहा कि क्षेत्र के लोग अमन पसंद हैं और बीते लगभग 30 वर्षों से प्रशासन का सहयोग करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी समुदाय आपसी भाईचारे के साथ रहते आए हैं और आगे भी सौहार्द बनाए रखेंगे। उन्होंने नगर निगम एवं बिजली विभाग से विशेष अनुरोध किया कि होली और ईद के अवसर पर पानी एवं बिजली की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में सीओ कोतवाली, थाना प्रभारी तिवारीपुर, सभी चौकी इंचार्ज, जिला शांतिझसद्भावना समिति के सदस्य सैयद इरशाद, अहमद मुर्तजा रहमानी, सैयद रेहान, शकील शाही, पार्षद अभिषेक शर्मा, पार्षद जुबेर सुधाकर पांडे सहित तिवारीपुर क्षेत्र के लगभग सभी पार्षदगण एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# राज्यपाल महोदया जी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, बैठक के दौरान राज्यपाल जी ने सरकार द्वारा संचालित योजनाआं में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, इस दौरान राज्यपाल महोदया जी ने कहा कि जनपद के दुरूह क्षेत्रों ग्रामीणांचलों में जाकर महिलाओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाये कि होम डिलीवरी न करायें, होम डिलीवरी कराने से जच्चा, बच्चा के जान का खतरा बना रहता है। ग्रामीण अनपढ़ व्यक्तियों को इसके लिए विशेष रूप से जागरूक किया जाये, मेडिकल कालेज में पढ़ रहे छात्राओं द्वारा भी गांव में जाकर लोगों को इसके लिए जागरूक किया जाये कि, गांव में डिलीवरी न करायें और महिलाओं का समय पर टीकाकरण कराया जाये, इस दौरान राज्यपाल महोदया जी ने जनपद में टी0बी0 मुक्त ग्रामों की संख्या के सम्बन्ध में भी जानकारी ली, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद सोनभद्र में 250 ग्राम पंचायतों को अब तक टी0बी0 मुक्त बनाया गया है, शेष अन्य ग्रामों को भी टी0बी0 मुक्त बनाने हेतु कार्य किया जा रहा है। इस दौरान राज्यपाल महोदया जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी न देश को टी0बी0 मुक्त बनाने के लिए संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने हेतु टी0बी0 रोगियों को बेहतर देख-भाल के साथ ही पोषाहार नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाये, जिससे कि टी0बी0 से ग्रसित मरीज जल्द से जल्द स्वस्थ्य हो सकें। इसके पश्चात राज्यपाल जी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जनपद में किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी ली, उन्होंने कहा कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गरम भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराये जाये और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध रहें, 3 साल से अधिक उम्र के बच्चों का पूरे जनपद में सर्वे कराया जाये और उन बच्चों का प्रवेश आंगनबाड़ी केन्द्रों में कराया जाये और छः वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का सर्वे कराकर उनका प्रवेश प्राथमिक विद्यालयों में कराया जाये, इस कार्य में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के माध्यम से कार्य सुनिश्चित कराया जाये, जिससे कोई भी बच्चा आंगनबाड़ी केन्द्र व प्राथमिक विद्यालयों में जाने से वंचित न रहें।

# हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद

- **20-20 हजार रुपये अर्थदंड, अर्थदंड न देने पर 4-4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**
- **जेल में बितायी अवधि सजा में होगी समाहित**
- **करीब साढ़े 4 वर्ष पूर्व हुए राम आसरे मौर्य हत्याकांड का मामला**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। करीब साढ़े 4 वर्ष पूर्व हुए राम आसरे मौर्य हत्याकांड के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों राजेंद्र मौर्या, जसवंत मौर्या व निहाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 20-20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 4-4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। कोर्ट ने तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक संतोष मौर्य उर्फ भोला पुत्र स्वर्गीय राम आसरे मौर्य निवासी मगरदहा, थाना करमा, जिला सोनभद्र ने थानाध्यक्ष करमा को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसके गांव के राजेंद्र मौर्य व बिसहार गांव निवासी निहाल से जमीन पर पाइप बिछाने को लेकर विवाद चल रहा था। 29 नवंबर 2021 को वह अपने पिता व चाचा के लड़के गोलू के साथ गांव के लालू मौर्या की शादी में कठपुरवा गए थे। उसकी शादी में निहाल भी आया था। निहाल उनलोगों से बार-बार पूछताछ कर रहा था कि घर कब चलना है। पिताजी ने कहा कि खाना खाकर चलेंगे। करीब साढ़े 9 बजे रात हमलोग घर के लिए निकल दिए और पिताजी बाइक चला रहे थे। रात्रि करीब 10 बजे बिसहार पहाड़ी पर हमलोग पहुंचे थे तो वहां पर जसवंत मौर्या, राजेंद्र मौर्या, निहाल समेत 6 लोग बाइक आगे खड़ा करके हमलोगों को रोक दिया और उलझ गए। इस दौरान ललकारने पर जसवंत मौर्या ने पिताजी की कनपटी पर असलहा से गोली मार दिया। जिससे पिताजी की मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग आए तब तक सभी मोटरसाइकिल से भाग गए। मौके पर शव पड़ा है आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों राजेंद्र मौर्या, जसवंत मौर्या व निहाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उनके ऊपर 20-20 हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 4-4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। कोर्ट ने तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# कासिमपुर में होली-ईद को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

अमन लेखनी समाचार



कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र में आगामी त्यौहार होली और ईद को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में कासिमपुर पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ किया। यह मार्च मुख्य बाजार, संवेदनशील इलाकों और प्रमुख चौराहों से होकर गुजरा। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देते हैं, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। पुलिस की इस पहल से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया है, ताकि होली और ईद का पर्व हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया जा सके।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर जागरूकता अभियान सम्पन्न

**ऑपरेशन शील्ड के तहत एसिड अटैक की रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के सरल उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में एसिड/तेजाब विक्रय करने वाली दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों को एसिड विक्रय से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा बिना वैध अभिलेख/पहचान पत्र के एसिड विक्रय न करने के निर्देश दिए गए। दुकानों के रजिस्टर, स्टॉक विवरण एवं सीसीटीवी व्यवस्था की जांच की गई। आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए भविष्य में नियमों के उल्लंघन पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर-
112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

